आज का मौसम | 50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | मूल्य 2/- | यह मुजफ्फरनगर है।

सूर्योदय 6:07 सूर्यास्त 6:14

तापमान
अधिकतम 27.6
न्यूनतम 23.8

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

वर्ष-50 | अंक-263 | शुक्रवार 23 सितम्बर, 2022 | आश्विन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, सम्वत् 2079 | पृष्ठ-4

कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा नहीं, 'कांग्रेस छोड़ो यात्रा' निकाल रही है : शिवराज सिंह चौहान

ऐसा न हो कि कोई दल 'भारत मोड़ो यात्रा' निकाल दे....

लटकी कार्रवाई की तलवार तो लेडी सिंघम ने मानी हार

➲पालिकाध्यक्ष ने फजीहत का ठींकरा अपनों के सिर फोड़ किया इस्तीफे का ऐलान

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। पालिका परिषद में टिपर वाहन खरीद मामले समेत तमाम अन्य आरोपों से घिरी चेयरमैन ने कोर्ट के निर्णय के बाद शासन स्तर से कोई राहत न मिल पाने के चलते समर्थक सभासदों की मौजूदी में चेयरमैन पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही अपना इस्तीफा भेज देंगी। इससे पहले बीस सभासदों की मौजूदगी में उन्होंने अपनी तारीफों के पुल बांधते हुए किसी का नाम लिए बिना साजिशों का शिकार बनाए जाने के आरोप लगाए।

नगर के 135 विकास कार्यों को रुकवाने के लगाए आरोप

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने विरोधियों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि बोर्ड की बैठक में नगर विकास के 135 विकास कार्य, जो कि स्वीकृत होने के साथ टैंडर प्रक्रिया पूर्ण कर चुके हैं, एक साजिश के तहत दबाव में उन्हें रोक दिया गया है। पालिका की भूमि को कब्जामुक्त कराते हुए बारातघर निर्माण और कांवड यात्रा में वहां पर शिविर लगवाकर शिवभक्तों की सेवा का जिक्र करते हुए चेयरमैन ने विरोधियों पर साजिश करने के गंभीर आरोप लगाए।

टिपर घोटाले में जिला प्रशासन की जांच में दोषी पाए जाने और शासन से वित्तीय अधिकार छीने जाने के बाद हाईकोर्ट में प्रमुख सचिव नगर विकास के खिलाफ अवमानना याचिका खारिज हो जाने के बाद गुरूवार को पालिका कार्यालय पहुंची चेयरमैन के हौसले पस्त नजर आए। शासन से बर्खास्तगी की चर्चाओं के बीच अपने इस्तीफे का ऐलान करते हुए पालिका में अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर उन्होंने खुद अपनी पीठ थपथपाई और दावा किया कि ईमानदारी और पूर्ण निडरता के साथ उन्होंने काम किया और अब वे उनके खिलाफ हो रही साजिशों से आहत हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह ईश्वर पर विश्वास रखती हैं और उन्हीं का इशारा मिलने पर अंतरात्मा की आवाज पर पद छोड़ने का निर्णय किया है। नगर पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल गुरूवार को टाउनहाल स्थित नगर पालिका कार्यालय में सहयोगी सभासदों के साथ पहुंची, जहां उन्होंने सभासदों के साथ बैठक करते हुए अपने मन की बात को स्पष्टता के साथ में रखा। चेयरमैन ने मीडिया की मौजूदगी में अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को संक्षिप्त रूप से रखते हुए पहली बार पंकज अग्रवाल का नाम लेते हुए कहा कि उनके करीब पौने 5 वर्षों के कार्यकाल के पूर्व उनके भतीजे पंकज अग्रवाल ने बतौर चेयरमैन के रूप में क्षेत्र के विकास को पंख लगाने का काम किया। उन्होंने दावा किया कि पंकज ने कराए गए विकास कार्यों के कारण उन्हें फिर से नगर की जनता की सेवा करने का मौका मिला। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने सबका साथ सबका विकास के संकल्प को लेकर काम किया। सभासदों की बैठक में उन्होंने अपना दर्द व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2017 में जनता के वोट के कारण जब चेयरमैन की कुर्सी संभाली तो पालिका प्रशासन पर करीब 16 करोड़ रुपये का कर्ज था और कोष खाली था। ऐसे हालातों में पालिका प्रशासन क्षेत्र में एक नाली का चैनल तक लगाने की हैसियत में नहीं था। उन्होंने इसका कारण पहले अपने भतीजे पंकज अग्रवाल के खिलाफ साजिश कर करीब 5 माह तक अधिकार होने को बताया। उन्होंने दावा किया उनके द्वारा पालिका की कुर्सी पर काबिज होने के बाद कर्मचारियों का देय काफी बढ़ता रहा। इस बीच सभासदों व नगर पालिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों के

शेष : पृष्ठ ४ पर

नरेश टिकैत के दिल में उमड़ा अंजू अग्रवाल का दर्द

मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)। भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत के दिल में आज कांग्रेस से भाजपा में आई अंजू अग्रवाल के इस्तीफे का दर्द उमड़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला सशक्तिकरण की बात करती है तो वहीं भाजपा की एक मात्र नगरपालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल को उन्हीं की पार्टी के लोगों ने मानसिक रूप से इतना प्रताड़ित किया कि वो इस्तीफा देने पर मजबूर हुई। अंजू अग्रवाल एक अच्छी महिला है और वो अपना काम ठीक प्रकार से कर रही थी, लेकिन उन्हीं की सरकार में उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा कर उन पर इतना दबाव बना दिया कि वो इस्तीफा देने पर मजबूर हुई।

भोले के दरबार में विरोधियों को सद्बुद्धि देने की लगाई अर्जी

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। नगर पालिका परिषद की चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने गुरूवार को समर्थक सभासदों, पालिका के अधिकारी-कर्मचारी और मीडिया के बीच अपना दर्द बयां करने के बाद सीधे भगवान आशुतोष के दरबार में पहुंची, जहां चेयरमैन ने नगर के हृदय स्थल शिवचौक पर भोलेनाथ से विपदा की स्थिति से उभारने की प्रार्थना के साथ ही विरोधियों को सद्बुद्धि देने की भी कामना की। हालांकि पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल के इस्तीफा देने के निर्णय पर सहयोगी सभासदों ने ऐसा निर्णय लेने के बजाए विरोधियों को इस बीच मुंह तोड़ जवाब दिए जाने की पैरवी की है। नगर पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल गुरूवार को पालिका कार्यालय में काफी दुःखी और हताश सी दिखाई दी। बीते करीब 5 वर्षों की उपलब्धियों का बखान करने के साथ उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर चुने जाने के साथ ही कोरोना जैसी महामारी में कार्य करते हुए किए गए कार्यों

का विस्तार से चर्चा करते हुए भाजपा में आने के बाद की राजनीति पर चर्चा की। उन्होंने कोरोना महामारी में श्मशान घाट और कब्रिस्तान में हुई भयावहता के साथ फ्री में सेनिटाइजेशन किए जाने की भी चर्चा की। वहीं पथ प्रकाश में हेलोजन का एलइडी में परिवर्तित कर, इसे 90 लाख रुपये प्रतिमाह के बिल को 15-16 लाख कराने को उपलब्धि करार दिया। कई सभासदों ने चेयरमैन की पूर्व की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए गलती का खामियाजा भुगतने की बात कहते हुए उन्हें नसीहत भी दी।

अंजू अग्रवाल ने किसी का नाम लिये बिना भाजपा नेताओं पर नजला उतारा

मुजफ्फरनगर। किसी का नाम लिए बिना चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने भाजपा नेताओं पर यह कहते हुए नजला उतारा कि महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं और एक महिला को काम नहीं करने दिया गया। दूसरी ओर भाजपा नेताओं में इस बात को लेकर चर्चा रही कि अंजू अग्रवाल ने ऐलान तो कर दिया पर अभी इस्तीफा नहीं दिया। इससे लगता है कि वे पार्टी नेताओं पर दबाव बनाने का नाटक कर रही हैं। हालांकि कोई भाजपा ने उन्हें मनाने नहीं पहुंचा। उल्टे सभासद नरेश मित्तल ने यह कहते अंजू अग्रवाल द्वारा खुद को भाजपाई बताने पर तंज कसा कि उन्होंने कभी भाजपा सभासदों के साथ बैठक नहीं की और स्टेनो गोपाल त्यागी समेत चंद लोगों के हाथों में खेलती रहीं। सभासद राजीव शर्मा व मनोज वर्मा ने पालिकाध्यक्ष पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सच कभी पीछा नहीं छोड़ता सच की हमेशा जीत होती है।

चौकी की लॉकअप तोड़कर तीन आरोपी हुए फरार, हिरासत में दो पुलिसकर्मी

➲झिंझाना की चौसाना पुलिस चौकी पर जवानों की लापरवाही से हुई घटना, नामजद मुकदमा

हरियाणा-उत्तराखंड के कई शहरों में पुलिस की दबिश

शामली। चौसाना पुलिस की हिरासत से फरार तीन आरोपियों की पुनः गिरफ्तारी के लिये झिंझाना पुलिस ने हरियाणा के करनाल, पानीपत, अम्बाला व उत्तराखंड के देहरादून व हरिद्वार सहित अन्य शहरों में दबिश दी, लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। सूत्र बताते हैं कि पुलिस टीम सर्विलांस टीम से भी मदद ले रही है, ताकि फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा सके।

रायफल लूटकांड में आरोपी होमगार्ड को लगी थी गोली

शामली। अक्टूबर 2018 में बिड़ौली मार्ग पर कमालपुर मन्दिर के निकट खालिस्तानी विचारधारा से प्रभावित क्षेत्र के कुछ युवकों ने सिपाहियों पर गोलियां दागकर रायफल को लूट लिया था। घटना में होमगार्ड संजय कुमार को गोली लगी। एनआईए की जांच में आरोपी रायफल को लूटकर पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल की हत्या करना चाहते थे। अब फिर संजय कुमार व मुंशी योगिन्दर सिंह की लापरवाही से लूट की योजना बनाने वाले आरोपी फरार हो गये।

चौसाना में लूट की योजना बनाने के आरोप में दो युवकों को पकड़ा गया था। पकड़े गये अभियुक्त रात्रि में हवालात से फरार हो गये। आरोपी की फरारी के मामले में मुंशी योगिन्द्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और हिरासत में लिया गया है। फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिये तीन टीमों का गठन किया गया है। अभियुक्तों के फरार मामले की जांच सीओ कैराना को सौंपी गई है।

-पुलिस अधीक्षक अभिषेक

शामली, 22 सितम्बर (बु.)। लूट की योजना बनाने के आरोप में पकड़े गये दो आरोपी सहित तीन गिरफ्तार आरोपी चौसाना पुलिस की कस्टडी से लॉकअप तोड़कर व हथकड़ी को चाभी से खोलकर फरार हो गये। सूत्र बताते हैं कि सुरक्षा में तैनात मुंशी सो रहा था, जबकि होमगार्ड ड्यूटी से नदारद था। सूचना पर एएसपी व सीओ फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। फरार आरोपियों की तलाश में चौसाना पुलिस, एसओजी व सर्विलांस को लगाया गया है, वहीं पुलिस ने रात्रि ड्यूटी के होमगार्ड को हिरासत में लिया है। चौसाना चौकी पुलिस ने बुधवार को लूट की योजना बनाने के आरोप में दो आरोपियों गुफरान निवासी चौसाना व रहीस निवासी माही कोटा, जिला सहारनपुर को गिरफ्तार किया था। घटना के सम्बंध में चौकी चौसाना पर बुधवार को मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसकी जांच उपनिरीक्षक गजेन्द्र सिंह कर रहे थे। बुधवार की रात्रि में मुंशी योगिन्द्र सिंह सोने के लिये बेड कार्यालय के बेड पर लेट गये। उसी दौरान मौके का फायदा उठाते हुए हिरासत में लिये गये युवक ने लॉकअप में बंद आरोपियों को टेबल से चाभियां उठाकर पकड़ा दी, जिसके बाद पकड़े गये दोनों आरोपी व एक अन्य युवक लॉकअप का ताला तोड़कर व चाभी से हथकड़ी को खोलकर फरार हो गये। आरोपियों के फरार होने की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कम्प मच गया और आनन-फानन में चौकी पहुंचे एसओ व सीओ कैराना ने आरोपियों को पकड़ने के लिये सर्च अभियान चलाया, लेकिन बदमाशों का सुराग नहीं लग सका। सूचना पर एएसपी ओपी सिंह मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने बदमाशों की फरारी के सम्बंध में मुकदमा दर्ज करते हुए मुंशी योगिन्द्र सिंह व होमगार्ड संजय कुमार को हिरासत में लिया। दोनों पुलिसकर्मियों से पूछताछ की जा रही है।

ट्यूबवैल के कुएं में गिरने से किसान की मौत

भोपा, २२ सितम्बर (बु.)। ट्यूबवैल के कुएं में गिरने से वृद्ध किसान की मौत हो गई। सुबह सवेरे खेत पर पहुंचे पुत्रों ने पिता के शव को ट्यूबवैल के कुएं में पड़ा देखा, तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया। भोपा थाना क्षेत्र के ग्राम कसौली के जंगल में गुरूवार की सुबह ७५ वर्षीय किसान मुस्तफा उर्फ कालू का शव उसकी ट्यूबवैल के कुएं में पड़ा मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुस्तफा बुधवार की शाम अपनी ट्यूबवैल पर गया था। मुस्तफा रात में घर नहीं लौटा तो परिजनों ने समझा कि मुस्तफा पास के गांव बाकरनगर रिश्तेदारी में चला गया होगा। सुबह सवेरे मुस्तफा के पुत्र जब खेत पर पहुंचे, तो ट्यूबवैल की खिड़की खुली हुई मिली। पुत्रों ने झांक कर देखा तो अपने पिता के शव को पड़ा पाया। सम्भवतः मुस्तफा की पैर फिसलने से कुएं में गिरकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची भोपा पुलिस ने घटना की जानकारी की तथा परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया है।

मैं बुलावे पर भाजपा में गई, नहीं छोड़ूंगी पार्टी: अग्रवाल

➲नरेश मित्तल सभासद ने जताया विरोध, दिखाया आइना

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने मीडिया के समक्ष अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि पालिका के विकास के लिए जनता और मुस्लिम सभासदों के दबाव में ही भाजपा का दामन थामने का निर्णय लिया था। इन सबके बाद भी जब मुझे भाजपा की ओर से बुलावा आया और केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान के सहयोग से बीते 20 अक्टूबर 2020 को ही भाजपा का दामन थामा था। उन्होंने स्पष्ट किया कि आज मैं चेयरमैन का पद भले ही छोड़ने का ऐलान कर रहीं हूं, लेकिन मैं भाजपा नहीं छोड़ूंगी। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी व सीएम योगी की नीतियों को ही साकार करने के संकल्प के साथ नगर क्षेत्र में चहुंमुखी विकास किया है। दुःखी मन से भावनाओं को नियंत्रित करते हुए चेयरमैन ने कहा कि सभी के सहयोग से काम किया है और करना चाहती हूं। बैठक में नरेश चंद मित्तल ने उनकी इस बात पर कहा कि भाजपा में उन्हें बुलाया नहीं गया। नरेश मित्तल ने कटाक्ष करते हुए कहा कि आपने काम बहुत

किए और ईमानदारी से किए हैं। आपके काम का यही शोर शायद शासन तक पहुंचा और कार्यवाही हुई। इसके साथ ही उन्होंने इस बात को भी रखा कि भाजपा चेयरमैन होने के बाद से एक भी दिन आपने भाजपा सभासदों को चाय पर नहीं बुलाया, उनकी समस्या को नहीं जाना। ऐसे में उनके सहयोग की उम्मीद कैसे कर सकती हो।

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से व्यक्ति की मौत

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। आज रात नई मंडी क्षेत्र में भोपा रोड पर एसडी डिग्री कॉलेज के सामने तेज रफ्तार कार द्वारा बाइक में टक्कर मार देने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक अपनी ड्यूटी समाप्त कर वापस अपने घर लौट रहा था। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि नई मंडी थाना क्षेत्र के मोहल्ला मुनीम कॉलोनी निवासी 43 वर्षीय प्रवीण गर्ग पुत्र गोपाल मेरठ रोड पर वहलना चौक स्थित दुर्गा स्टील फैक्ट्री में काम करता था। आज शाम वह अपनी ड्यूटी समाप्त कर वापस अपने घर लौट रहा था। भोपा रोड पर एसडी डिग्री कॉलेज के सामने तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इमाम प्रमुख ने संघ प्रमुख मोहन भागवत को बताया राष्ट्रपिता

नई दिल्ली, 22 सितंबर (वार्ता)। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने आज अखिल भारतीय इमाम संगठन के प्रमुख इमाम डॉ. इमाम उमर अहमद इलियासी के साथ बैठक की। बातचीत के बाद डॉ. इमाम उमर अहमद इलियासी ने कहा कि मोहन भागवत इस देश के राष्ट्र-पिता और राष्ट्र-ऋषि हैं। अखिल भारतीय इमाम संगठन के प्रमुख ने कहा कि मोहन भागवत जी आज मेरे निमंत्रण पर पधारे। उनकी यात्रा से एक अच्छा संदेश जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि हिंदू और मुस्लिम के पूजा करने के तरीके अलग हैं लेकिन हम सब का धर्म मानवता का है। इमाम प्रमुख ने मानवता को सबसे बड़ा धर्म बताया और कहा कि राष्ट्र का स्थान धर्म से ऊपर है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत गुरुवार को कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित मस्जिद पहुंचे। उन्होंने यहां डॉ इमाम उमर अहमद इलियासी के अलावा मुस्लिम नेताओं के साथ बैठक की। इलियासी अखिल भारतीय इमाम संगठन के मुख्य इमाम हैं। इससे पहले भागवत ने मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ बंद कमरे में बैठक कर उनसे गोहत्या पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए कहा था। इसके अलावा उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ 'काफिर' (गैर-आस्तिक) और जिहाद (पवित्र युद्ध) जैसे शब्दों के इस्तेमाल पर भी सवाल उठाए। साथ ही सुझाव दिया कि इनके प्रयोग से बचना चाहिए।

बुर्के के खिलाफ ईरान के 30 शहरों में प्रदर्शन, 31 लोगों की मौत

पेरिस, 22 सितंबर (वार्ता)। ईरान में पुलिस हिरासत में महिला की मौत के बाद प्रदर्शनों की वजह पूरा देश जल उठा है। 22 साल की महसा अमीनी की मौत के बाद भड़के विरोध प्रदर्शनों पर सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कम से कम 31 लोगों की मौत हो चुकी है। ओस्लो स्थित एक एनजीओ ने गुरुवार को यह दावा किया। इस घटना को लेकर ईरान में तीन दिन से प्रदर्शन हो रहे हैं और राजधानी तेहरान तक में प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा बलों के साथ झड़प हुई है। ईरान ह्यूमन राइट्स के निदेशक महमूद एमीरी-मोघद्दाम ने एक बयान में कहा, ईरान के लोग अपने मौलिक अधिकारों और मानवीय गरिमा को हासिल करने के लिए सड़कों पर उतरे हैं... सरकार उनके शांतिपूर्ण प्रदर्शन का गोलियों से जवाब दे रही है। आईएचआर ने देश के 30 से अधिक शहरों में विरोध प्रदर्शन की पुष्टि की है। प्रदर्शन की शुरुआत सबसे पहले ईरान के उत्तरी प्रांत कुर्दिस्तान से हुई थी, लेकिन अब ये धीरे-धीरे पूरे देश में फैल गया है। कुर्दिस्तान जहां अमीनी का जन्म हुआ था। आईएचआर ने कहा कि बुधवार को कैस्पियन सागर के उत्तरी मजांदरान प्रांत के अमोल शहर में 11 लोग और उसी प्रांत के बाबोल में छह लोगों की मौत हुई थी। जबकि पूर्वोत्तर शहर तबरीज में एक मौतकी पुष्टि हुई है। एमीरी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की ओर से की गई निंदा अब पर्याप्त नहीं है।

राजू श्रीवास्तव को अंतिम विदाई

नई दिल्ली, 22 सितंबर (वार्ता)। कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव पंचतत्व में विलीन हो गए। गुरुवार को नई दिल्ली के निगमबोध घाट में उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। राजू को अंतिम विदाई देने उनके पत्नी शिखा, बेटी अंतरा के साथ ही कई दोस्त और प्रशंसक पहुंचे थे। लेकिन इस दौरान उनके भाई काजू नजर नहीं आए। राजू के भाई काजू की तबीयत सही नहीं है। जब राजू दिल्ली एम्स में भर्ती हुए थे, तब काजू भी इसी अस्पताल में अपना इलाज करवा रहे थे। राजू ने तो हम सबको अलविदा कह दिया, लेकिन, भगवान की कृपा से काजू अस्पताल से घर लौट आए हैं। हालांकि, वह अब भी बीमार हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक काजू इस वक्त कानपुर में हैं और उनकी पत्नी प्रेग्नेंट है।

हो जायें सावधान : 30 सितम्बर के बाद नहीं बनेंगे आधार कार्ड

➲यूआईडीआई का आदेश, १ अक्टूबर के बाद ५ साल से अधिक उम्र के नहीं बनेंगे आधार कार्ड ➲आधार कार्ड का फर्जीवाड़ा रोकने के लिए होगी ऑनलाईन निगरानी

मुजफ्फरनगर, २२ सितम्बर (बु.)। यदि आपका आधार कार्ड नहीं बना है, तो हो जाइये सावधान, क्योंकि यूआईडीआई ३० सितम्बर के बाद ५ साल से अधिक उम्र के नये आधार कार्ड बनने पर रोक लगाने जा रहा है। स्थानीय आधार केन्द्रों पर १ अक्टूबर से सिर्फ ५ साल से कम उम्र के बच्चों के ही आधार कार्ड बन पायेंगे। यूआईडीआई ने देशभर में १३० करोड़ से अधिक आधार कार्ड बनने के बाद फर्जीवाड़ा रोकने के लिए यह व्यवस्था लागू की है। अगले तीन माह तक यह रोक रहने की उम्मीद है। इस दौरान फर्जी आधार कार्ड को चिन्हित कर उन्हें निरस्त करने का कार्य होगा।

आधार कार्ड अब हर इंसान की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन गया है। सरकारी योजनाओं के साथ-साथ हर सुविधा के लिए आधार अनिवार्य बन गया है। पहले आधार को बैंक फिर राशन कार्ड से लिंक करने के बाद यूआईडीआई ने आधार कार्ड का फर्जीवाड़ा

रोकने के लिए बड़ा फैसला लिया है। ३० सितम्बर के बाद ५ साल के अधिक उम्र के आधार कार्ड पर रोक लगाने जा रहा है। यानि १ अक्टूबर २०२२ से स्थानीय आधार केन्द्रों पर नये आधार कार्ड नहीं बन पायेंगे। यूआईडीआई नई दिल्ली के २० सितम्बर को जारी आदेशों में कहा गया है कि भारत की समस्त जनसंख्या के १३४ करोड़ लोगों को आधार संख्या प्रदान की जा चुकी है, जिसमें देश की कुल जनसंख्या का ६३ प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष जनसंख्या को पूर्ण करने के लिए ० से ५ साल से कम उम्र के बच्चों के आधार कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में ५ साल से अधिक आयु के सभी लोग अगर अपना नया आधार कार्ड बनवाना चाहते हैं, तो ३० सितम्बर तक अनिवार्य रूप से अपना पंजीकरण करा लें। सूत्रों की माने तो अगले तीन माह तक नये आधार कार्ड पर रोक रहेगी। इस अवधि में आधार कार्ड का फर्जीवाड़ा रोकने के लिए जांच पड़ताल की जायेगी। शिकायत है कि कुछ लोगों ने कई-कई आधार कार्ड बनवा रक्खे हैं। डुप्लीकेसी रोकने के लिए यूआईडीआई ने यह फैसला लिया है। हालांकि ५ साल तक के बच्चों के आधार कार्ड बनते रहेंगे। यह भी बताया जा रहा है कि इस दौरान आधार कार्ड के अपडेट का काम होता रहेगा।

शहर में कूड़े से बनेगी तीस मेगावाट बिजली

1 नीदरलैंड की टीम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थलीय निरीक्षण किया

2 प्लांट की चाहरदीवारी, काली नदी पर पुल और पहुंच मार्ग के लिए प्रस्ताव का अनुमोदन

मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)। जिले में जल्द ही कूड़े की समस्या का निस्तारण होगा और इसके साथ ही कूड़े से बिजली बनाने की परियोजना अमल में आ जाएगी। नीदर लैंड की कपंनी कूड़े से तीस मेगावाट बिजली का उत्पादन करेगी।

काफी समय से लंबित पड़ी कूड़े से बिजली बनाने की परियोजना अब मूर्त रूप लेती नजर आ रही है। नीदर लैंड से आई कंपनी की टीम के साथ आज जिले के अफसरों ने इस परियोजना पर मंथन किया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मैसर्स जीसी इन्टरनेशनल द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत मौहल्ला किदवईनगर में नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर क्षेत्र सहित जनपद की अन्य नगरीय निकाय क्षेत्र में उत्सर्जित होने वाले कूड़े के निस्तारण हेतु वेस्ट-टू-एनर्जी प्लान्ट की स्थापना हेतु समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा अवगत कराया है कि जनपद में वेस्ट-टू-एनर्जी प्लान्ट की स्थापना हेतु मैसर्स जीसी इन्टरनेशनल एवं नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के मध्य वेस्ट-टू-एनर्जी प्लान्ट की स्थापना हेतु अनुबन्ध किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वेस्ट-टू-एनर्जी प्लान्ट में 750 टन ठोस अपशिष्ट एवं 300 टन प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबन्धन कर 30 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन के सम्बन्ध में यह अनुबन्ध किया गया है। अनुबन्ध के आधार पर नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर द्वारा किदवई नगर में उपलब्ध कराई जाने वाली कुल 28.466 हेक्टेयर अर्थात 284660 वर्ग मीटर भूमि पर वेस्ट-टू-एनर्जी प्लान्ट स्थापित होना है। उक्त भूमि का राजस्व विभाग तथा कम्पनी के प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से सर्वे किया गया। इसमें उक्त प्लान्ट की भूमि तक जाने हेतु सड़क तथा काली नदी पर पुल बनाया जाना प्रस्तावित है। वेस्ट-टू-एनर्जी प्लान्ट की भूमि पर पहुंचने हेतु काली नदी पर पुल तथा इस पुल तक पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य हेतु अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग द्वारा डीपीआर तैयार कर प्रस्तुत किया गया है। इसका प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त वेस्ट-टू-एनर्जी प्लान्ट हेतु कुल उपलब्ध भूमि की बाउंड्रीवाल भी नगर पालिका परिषद द्वारा कराया जाना है। जिलाधिकारी द्वारा मैसर्स जीसी इन्टरनेशनल कम्पनी के प्रतिनिधि को अवगत कराया गया कि पुल और पहुंच मार्ग निर्माण कार्य एवं प्लाट की भूमि पर बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किया गया है। वर्तमान में नगर पालिका परिषद के पास इतना पैसा नहीं है जिससे निर्माण कार्य कराये जा सकें। जिस पर कम्पनी के प्रतिनिधि ने कहा कि उक्त धनराशि की व्यवस्था हेतु प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, लखनऊ से वार्ता कर उक्त समस्या का निदान जल्द ही करा दिया जायेगा। उन्होंने अनुरोध किया कि वर्तमान में वेस्ट-टू-एनर्जी प्लाट की भूमि पर बाउण्ड्रीवाल निर्माण कराकर मैसर्स जीसी इन्टरनेशनल के कब्जे में उक्त भूमि दे दी जाये ताकि उनके द्वारा प्लान्ट की स्थापना हेतु कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जाये। इस पर जिलाधिकारी ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि वेस्ट-टू-एनर्जी प्लान्ट की भूमि पर बाउण्ड्रीवाल निर्माण कर उक्त भूमि कम्पनी के कब्जे में यथाशीघ्र दे दी जाये ताकि प्लांट निर्माण का कार्य यथाशीघ्र आरम्भ कराया जा सके। जनपद मे उक्त प्लांट के संचालन होने के उपरान्त जनपद को कचरे से मुक्ति मिल जायेगी। इस प्लांट की क्षमता जनपद मे होने वाले कुल अपशिष्ट से अधिक उपयोग करने की है। प्लांट हेतु समस्त प्रस्ताव शासन को उपलब्ध करा दिये गये है जिन्हे शीघ्र ही स्वीकृति मिलने के उपरान्त कार्य आरम्भ कराया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं उप जिलाधिकारी सदर, अधिशासी अभियन्ता, लोनिवि, निर्माण खण्ड-1, सहायक अभियन्ता, सेतु निगम मेरठ उपस्थित रहे। बैठक के बाद कंपनी की टीम ने अधिकारियों के साथ किदवई नगर में प्लांट के लिए प्रस्तावित स्थल को देखा और अधिकारियों से इसे लेकर चर्चा की। एसडीएम सदर, ईओ हेमराज सिंह नगर, अवर अभियंता कपिल कुमार एवं सहायक अभियंता अखंड प्रताप सिंह मौजूद रहे।

हिजाब बैन पर सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

नई दिल्ली , 22 सितंबर (वार्ता)। कर्नाटक हाई कोर्ट की ओर से शिक्षण संस्थानों में हिजाब पर बैन के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्टने फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत ने 10 दिनों तक इस मामले में मैराथन सुनवाई की है और अब फैसला सुरक्षित रखा है। जस्टिस हेमंत गुप्ता और सुधांशु धूलिया की बेंच ने इस केस की लगातार सुनवाई की है और इस दौरान दोनों पक्षों की दलीलों को सुना है। आज एक बार फिर से इस मामले में दोनों पक्षों के बीच जोरदार बहस देखने को मिली और अतिवादी संगठन पीएफआई का भी जिक्र सामने आया है।

शाहपुर में रावण, भगवान राम एवं सीता जन्म का भावपूर्ण मंचन

शाहपुर, २२ सितंबर (बु.)। नगर में श्री आदर्श रामलीला कमेटी रजि. के तत्वावधान में चल रहे रामलीला महोत्सव में दूसरे दिन रंगमंच पर चित्रकूट धाम की प्रसिद्ध कलाकार मंडली द्वारा भगवान राम एवं माता सीता के जन्म की लीलाओं का भावपूर्ण मंचन किया गया। इससे पहले गत दिवस रावण, कुंभकरण व विभीषण जन्म की लीला का सफल मंचन किया गया। मंडली द्वारा श्रीराम लीला के मंचन की चहुं ओर सराहना हो रही है। श्री रामलीला के मंचन के दूसरे दिन दर्शकगणों की संख्या में इजाफा हो गया तथा नगर के साथ–साथ ग्रामीण अंचल से भी लोग श्री रामलीला के मंचन को देखने पहुंचे। थाना प्रभारी राधेश्याम यादव के नेतृत्व में पुलिस बल ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली है, वहीं रामलीला कमेटी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी आयोजन को सफल बनाने में जी जान से जुटे हुए हैं। नगर के मेन बाजार स्थित श्री रामलीला मैदान में रामलीला मंचन के दूसरे दिन दिन रंगमंच पर भगवान गणेश के साथ भगवान विष्णु एवं रामायण जी की आरती हुई। इसके पश्चात पंडित जमुना प्रसाद शुक्ल के नेतृत्व में चित्रकूट धाम से पधारी प्रसिद्ध कला मंडली के कलाकारों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्म के प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया। इसके अलावा सीता जन्म की लीला का इससे जुड़े समस्त तथ्यों के साथ मनोहारी मंचन किया। गौरतलब है कि इससे पूर्व गत दिवस नारद मोह की लीला के अंतिम चरण मे देव ऋषि नारद जी द्वारा भगवान विष्णु एवं जय विजय को दिए गए श्राप के प्रसंग का सुंदर मंचन किया। इसके बाद रावण कुंभकरण एवं विभीषण के जन्म की लीला का प्रदर्शन कलाकारों द्वारा बेहतरीन वेशभूषा एवं भाषा शैली के द्वारा किया गया। लंकापति रावण अपने पूर्व जन्म में भगवान विष्णु के द्वारपाल हुआ करते थे। ऋषियों के कारण उन्हें तीन बार राक्षस कुल में जन्म लेना पड़ा। महापंडित, महाज्ञानी ज्योतिष के महान जानकार एवं सबसे बड़े शिवभक्त रावण ने मय दानव की पुत्री मंदोदरी से विवाह किया तथा लंका पर शासन करने के उपरांत उसने समस्त देवताओं समेत देवताओं के राजा इंद्र पर विजय प्राप्त कर ली और ऋषि–मुनियों से भी रक्त के रूप में कर लेना प्रारंभ कर दिया। रावण के अत्याचार से पृथ्वी सहम गई तथा भगवान विष्णु से रावण के आतंक से मुक्ति के लिए मानव रूप में अवतार लेने का आग्रह किया। इस पूरी लीला को



प्रसिद्ध कला मंडल के द्वारा अति सुंदर झांकियों एवं संवाद के द्वारा प्रस्तुत किया गया। पहली बार रंगमंच पर इतने विस्तार से इस लीला का मंचन हुआ। श्री रामलीला के दूसरे दिन नगर के साथ–साथ देहात से भी बड़ी संख्या में राम भक्त भगवान राम के जीवन चरित्र का सजीव चित्रण देखने पहुंचे। थाना प्रभारी राधेश्याम यादव के नेतृत्व में पुलिस बल ने श्री रामलीला मैदान एवं आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के उचित प्रबंध किए हैं, ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई कष्ट महसूस ना हो। थाना प्रभारी ने श्री रामलीला के मंच से स्पष्ट रूप से कहा कि एक पखवाड़े तक चलने वाले इस आयोजन में सुरक्षा की दृष्टि से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि श्री रामलीला कमेटी को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। वहीं असामाजिक तत्व को किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी। उनकी जगह केवल सलाखों के पीछे होगी। उधर दूसरी ओर रामलीला कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी महोत्सव को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। श्री रामलीला मंचन के दूसरे दिन व्यवस्था बनाने में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के मुख्य संरक्षक श्याम पाल भाई जी, संरक्षक सुखपाल सैनी, अध्यक्ष सुनील मित्तल, प्रबंधक बालेश सिंघल, उपाध्यक्ष अरुण मित्तल, अनिल बंसल, भंवर पाल कश्यप, स्टेज मंत्री मणिकांत मित्तल, राज कुमार कोरी, जुलूस मंत्री मनोज अग्रवाल, प्रवेश गोयल के साथ–साथ वरिष्ठ पदाधिकारी प्रमोद कर्णवाल, मुकेश मित्तल, सचिन संगल, बबलू नामदेव, निशांत शर्मा, अक्षय गोयल, अंकित सिंघल, अजय बंसल, पवन सक्सेना, रविंद्र सैनी, विशाल कर्णवाल, दिनेश पाल, नीरज कर्णवाल, गोल्डी, अनिल गोयल, शिवम सिंघल, प्रमोद गर्ग, विनीत मित्तल, निशांत शर्मा, रचित अग्रवाल, नितिन मित्तल, वैभव मित्तल,गुड्डू सैनी, अनमोल सिघल के साथ ही हनु सिंघल, कुंज मित्तल मौजूद रहे। श्री रामलीला के मंचन को देखने देर रात्रि तक भारी भीड़ से रामलीला मैदान में उपस्थित रही। इस बार प्रसिद्ध कला मंडली के अभिनय की नगर में चारों ओर चर्चा है। प्रत्येक कलाकार के संवाद को लोग सराह रहे हैं।

जल के बिना जीवन नहीं संभव

भोपा, २२ सितम्बर (बु.)। कैच द रेन कार्यक्रम के अन्तर्गत जल संरक्षण पर बल दिया गया, जिसमें जन प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लेकर जल संरक्षण के उपायों पर विस्तार से चर्चा की तथा पानी को बचाने के लिए आमजन को संदेश दिया। साथ ही जल बचाव को लेकर शपथ दिलाई गई। मोरना ब्लॉक कार्यालय पर सेवा सप्ताह के अन्तर्गत भूगर्भ जल विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने करते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का दोहन लगातार हो रहा है। हमें जल के दुरूपयोग को रोकना होगा। देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री घटते भूगर्भ जल स्तर को चिंतित हैं। इसी को लेकर सरकार द्वारा अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिससे वर्षा के जल को संचित कर भूगर्भ के जल स्तर को बढ़ाने तथा प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना उद्देश्य है। ब्लॉक प्रमुख अनिल राठी ने कहा कि अमृत सरोवर तालाब के माध्यम से जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्षा के जल को इकट्ठा कर भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाया जा सकता है। खण्ड विकास अधिकारी राम आशीष ने कहा कि रेलवे स्टेशन पर हैंडपम्प व टोंटी से पानी न लेकर बिसलेरी का पानी खरीदा जा रहा है। जो हमारी मानसिकता को प्रदर्शित करता है। पानी को बचाने के लिए हमें मिलजुल कर उपाय करने होंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से एडीओ पंचायत चन्द्रप्रकाश शर्मा, मण्डल अध्यक्ष डॉ. वीरपाल सहरावत, चौ. ब्रजवीर सिंह, पं. रामकुमार शर्मा, राजकुमार, जयकरण गुर्जर, अजय कृष्ण शास्त्री, अरूण पाल, राहुल शर्मा, हरपाल म्हार, रविन्द्र कुमार, संजय कौरी, आबिद प्रधान, आजादवीर आदि उपस्थित रहे।

समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ''स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता'' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मुजफ्फरनगर, २२ सितम्बर (बुस.)। शासन के निर्देशानुसार जनपद मुजफ्फरनगर में समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर स्वस्थ बालक–बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ० से ५ वर्ष तक के बच्चों के पाष्शण स्तर में सुधार लाना, पोषण की महत्ता पर जागरूकता बढ़ाना तथा एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनाना है। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आयोजित स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर उपस्थित ० से ०५ वर्ष तक के समस्त बच्चों का वजन व ऊंचाई/लम्बाई का मापन किया गया। बच्चों का वजन व ऊंचाई/लम्बाई की सूचनाएं पोषण ट्रैकर एप पर फीड की जायेगी। चयन समिति द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार प्रथम, द्वितीय व तृतीय रैंकिंग प्राप्त स्वस्थ व सुपोषित बच्चों ०२ अक्टूबर को पुरस्कृत किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता में ग्राम प्रधान द्वारा उपस्थित होकर बच्चों तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र/प्रतियोगिता स्थल पर स्वस्थ बालक–बालिका प्रतियोगिता लिखा बैनर/चार्ट पेपर लगाया गया। रंगोली बनायी गयी तथा अनेक केन्द्रो पर सजावट हेतु गुब्बारे भी लगाये गये। उक्त अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया द्वारा ग्राम तावली में गोद लिये गये आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण कर स्वस्थ बालक–बालिका प्रतियोगिता का अनुश्रवण किया गया तथा अपने समक्ष उपस्थित बच्चो का वजन एवं ऊंचाई का माप कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं आशाओं को अपनी पंजिकाओं का मिलान एक–दूसरे से कराने के निर्देश दिये गये, ताकि अभिलेखो में एकरूपता बनी रहें तथा कोई भी बच्चा वजन से न छूटे। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं उपस्थित चयन समिति सदस्यों को प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र पर प्रथम ०३ स्थान पर रहने वाले बच्चो को प्रमाण–पत्र के साथ–साथ स्थानीय स्तर पर निर्मित खिलौने अथवा अन्य सामग्री से पुरस्कृत करने के विशय में भी अवगत कराया गया। स्वस्थ बालक–बालिका प्रतियोगिता के दौरान जनपद में आंगनबाड़ी केन्द्रो पर पंजीकृत ० से ५ वर्ष के २३७९५८ बच्चों के सापेक्ष ३७५६६ बच्चों का वजन किया गया। शेष बच्चों का वजन आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ''वजन सप्ताह'' दिनांक २५ से ३० सितम्बर, २०२२ तक किया जायेगा।

बीएफए के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, २२ सितम्बर (बुस.)। एसडी कालेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के फाइन आर्ट के विद्यार्थियों ने ''आल इंडिया फाइन आर्ट एंड क्राफ्ट सोसाइटी, नई दिल्ली'' में चल रही दस दिवसीय ग्यारहवीं इंडिया डिजिटल आर्ट एग्जीबिशन २०२२ में शानदार प्रर्दशन कर मुजफ्फरनगर का नाम रोशन किया। एग्जीबिशन में फाइन आर्ट के विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गयी डिजिटल कलाकृतियों को काफी पसन्द किया गया, जिनमें बीएफए तृतीय वर्ष, एप्लाईड आर्ट के विद्यार्थी बिजेन्द्र कुमार की कलाकृति ''दि कमिंग द्वितीय'' आकर्षण का केंद्र रही। दस दिवसीय इस कार्यशाला को देखने के लिए देश भर से अनेक महान विभूतियां व कला जगत से जुड़े लोग शिरकत कर रहे हैं। विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन के लिए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल व डॉ. सचिन गोयल के साथ फाइन आर्ट के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनायें प्रेषित की व भविष्य में भी इस प्रकार के प्रदर्शन करते रहने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय आगमन पर फाइन आर्ट के शिक्षकों जिनमे डॉ. मंजरी बाजपेयी, डॉ. आशीष गर्ग, शालिनी, अंकिता साहू, विपाशा गर्ग, विंशु मित्तल, ज्योति, अर्चना ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि की सराहना की।

भोपा में रामलीला का उद्घाटन करते जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. निर्वाल।

गाँधी कॉलोनी राम लीला महोत्सव का पूजन के साथ हुआ शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, २२ सितम्बर (बुस.)। 6 अक्टूबर तक चलने वाले श्रीराम लीला महोत्सव का आज श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर रामलीला भवन, गांधी कॉलोनी में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आज प्रथम दिन सुबह हवन पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें रामलीला कमेटी के सभी पदाधिकारी सदस्य सम्मानित कलाकार एवं श्रद्धालूजन मौजूद रहे। सभी ने ईश्वर से सभी कार्य निर्विघ्न संपन्न कराए जाने एवं विश्व कल्याण हेतु प्रार्थना की। समस्त श्रीराम लीला महोत्सव कमेटी डॉक्टरेक्टर महोदय कलाकार गांधी कॉलोनी व श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर के सभी पदाधिकारी सदस्य सेवकगण उपस्थित रहे। इस दौरान सभी का सहयोग रहा।

रामपुरी होली चौक के पास गलियों में गंदे पानी से लोग परेशान

मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)। रामपुरी होली चौक के पास पूर्व सभासद अशोक वर्मा वाली गली में पानी की निकासी ना होने के कारण सड़क और लोगों के घरों में गन्दा पानी भर गया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इसकी शिकायत जिलाधिकारी के साथ दोनों मंत्रियों कपिलदेव अग्रवाल व सांसद डॉ. संजीव बालियान को कई बार लिखकर व मौखिक दी है। इसके बावजूद आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि या उच्च अधिकारियों ने इस समस्या का हल नहीं कराया। मोहल्लावासी आरके त्यागी से महेंद्र के मकान तक सारी सड़क टूट चुकी है। फ्लोरेंस स्कूल व परशुराम मंदिर भी इस सड़क पर है। डीएम वार रूम पर भी तीन बार शिकायत दे चुके है। मोहल्लेवासियों में भारी आक्रोश फैल रहा है। मौहल्लावासियों अर्जुन सिंघल, संजय त्यागी, पूर्व सभासद अशोक वर्मा, कुलदीप जैन, दीपक वर्मा, बिल्लू वर्मा, पुराण चंद, रमन त्यागी, कवल सिंह गुज्जर, मोहन लाल, पेरू मल,विनीत धीमान, राजेन्द्र धीमान, हर्वेश धीमान, अंजलि शर्मा, मनोज वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, विजय शर्मा, राजकुमार, सुरेन्द्र धीमान, प्रदीप शर्मा, विवेक वर्मा, सतीश प्रजापति, सोहन पाल आदि मौजूद रहे।



रामलीला हमें मानवता व जीवन मूल्यों का अनोखा संदेश देती है : डॉ. निर्वाल

–ब्रिटिशकाल से आयोजित रामलीला का हवन–यज्ञ से हुआ शुभारंभ

भोपा, २२ सितम्बर (बु.)। प्राथमिक विद्यालय में ब्रिटिशकाल से आयोजित की जा रही रामलीला का शुभारंभ विधि–विधान से हवन यज्ञ के बाद रामायण पूजा के साथ हो गया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने फीता काटकर शुभारंभ करते हुए कहा कि रामलीला का अपना एक अलग ही महत्व है। यह कार्यक्रम हमें मानवता तथा जीवन मूल्यों का अनोखा संदेश देने का कार्य करता है। आज के समय में लोगों में दिन–प्रतिदिन नैतिक मूल्यों का पतन देखने को मिल रहा है। हमें सत्य और धर्म को बढ़ावा देना है, तो प्रभु श्रीराम के पथ पर चलना होगा। युवा रामलीला कमैटी के अध्यक्ष अनिलकांत शर्मा व डॉयरेक्टर अमरपाल सैनी के संयोजन में कलाकार शुभम शर्मा, अंकित शर्मा, मनोज शर्मा, संजय प्रजापति, हनी वालिया, आशीष सैनी, अभिषेक, वाशु आदि कलाकारों ने शिव पार्वती संवाद व नारद मोह की रामलीला का मंचन किया। प्रधान संगठन के ब्लक अध्यक्ष रविंद्र छोटा, तरूण प्रधान, राजकुमार, कुणाल वालिया, देवेंद्र राठी, दिवस राठी, कंवरपाल, भूषण प्रजापति, विजय राठी, बलिराम आदि मौजूद रहे।

महिलाओं के बैंक खातों से रुपये निकालने वाला भेजा जेल

भोपा, २२ सितम्बर (बु.)। गांव कसौली में ई–श्रम कार्ड को अपडेट करने के नाम पर दो महिलाओं के बैंक खातों से २० हजार रुपये निकालने वाले आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा दिया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव कसौली निवासी महिला नवाबी व जुल्फाना ने मुकदमा दर्ज कराया था कि बीते १७ सितम्बर को ई–श्रम कार्ड बनवाने के कैम्प में एक युवक ने ई–श्रम कार्ड अपडेट के नाम उनसे आधार कार्ड की कॉपी लेकर उनके अंगूठे मशीन पर रखवा लिए। आरोप है कि कुछ देर बाद दोनों महिलाओं के बैंक खातों से १०–१० हजार रुपये निकाल लिए गए। प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि पुलिस ने आरोपी साहिल निवासी महमूदनगर जनकपुरी थाना सिविल लाइन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मोबाईल, बैग, बायोमैट्रिक मशीन, फर्जी पहचान पत्र, फर्जी ई–श्रम पंजीयन, उद्घोषणा प्रमाण पत्र, बैंक चौकबुक व बाइक बरामद की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुरुवार को आरोपी को जेल भेजा है।

जैन मंदिर नूरिया तालाब का हुआ निरीक्षण

बुढ़ाना, 22 सितम्बर (बु.)। स्थानीय ब्लाक के गांव जौला में यहां की स्वयंसेवी संस्था जौला यूथ क्लब के सदस्यों ने विगत दिवस केन्द्रीय मंत्री संजीव कुमार बालियान से गांव में स्थित जैन मंदिर नूरिया वाला तालाब की खुदाई और यहां सफाई कराए जाने की मांग की थी। जिस पर ग्राम सचिव ने लिखित में आश्वासन दिया था। इसी संदर्भ में गांव जौला में एक टीम द्वारा जैन मंदिर नूरिया वाला तालाब का निरीक्षण किया गया। समझा जा रहा है कि अब यहां के समस्त ग्रामवासियों को जलभराव और उससे होने वाली तमाम बीमारियों से निजात मिलेगी। इस मौके पर जौला यूथ क्लब ने ग्राम सचिव और केंद्रीय मंत्री डॉक्टर संजीव कुमार बालियान का दिल से धन्यवाद अदा किया और खुशी का इजहार किया। इस दौरान ग्राम प्रधान जमशेद अली और जौला यूथ क्लब के पदाधिकारी और सदस्यों की भी उपस्थिति देखने को मिली।

गैंगरेप पीड़िता के कोर्ट में ब्यान

कैराना, 22 सितम्बर (बु.)। पुलिस ने गैंगरेप पीड़िता के कोर्ट में बयान दर्ज कराये, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमे में अप्राकृतिक कुकर्म और जान से मारने के प्रयास की धाराओं को इजाफा कर दिया। 12 सितम्बर की सुबह ऐरटी के जंगल में हरियाणा के पानीपत निवासी एक महिला अर्धनिर्वस्त्र बेहोशी की हालत में मिली थी। सूचना पर पुलिस ने महिला को सीएचसी पहुंचाया था, जहां से उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया था। महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने मोहन व राहुल निवासी गांव कंडेला के विरुद्ध दुराचार की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही एक आरोपी मोहन को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश कर दिया था। जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

डॉ. प्रखर व डॉ. अपराजिता ने बढ़ाया जिले का सम्मान

–चिकित्सा क्षेत्र में मास्टर डिग्री पाकर परिवार में खुशी का माहौल

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर जनपद के लिए गुरूवार का दिन गौरान्वित करने वाला रहा। इस बीच जिले के प्रमुख उद्यमी नरेंद्र गोयल दुर्गा इस्पात वाले के पुत्र डॉ. प्रखर गोयल व पुत्रवधू डॉ. अपराजिता को एक सम्मान समारोह में दिल्ली के राज्यपाल विनीत कुमार सक्सेना द्वारा मास्टर डिग्री प्रदान की गई। मुजफ्फरनगर के नई मंडी निवासी उद्यमी नरेंद्र गोयल के होनहार पुत्र डॉ. प्रखर गोयल एवं पुत्रवधू डॉ. अपराजिता गोयल ने नई दिल्ली के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की शिक्षा प्राप्त की थी। उद्यमी परिवार से जुड़ी दंपत्ति ने अपने पिता के व्यवसाय को छोड़कर चिकित्सा क्षेत्र में उच्च शिक्षा पाने के लिए जो पहल की और निरंतर प्रयासरत रहे, वह वास्तव में एक सराहनीय कदम है और उसी का परिणाम है कि उद्यमी परिवार से जुड़े डॉ. प्रखर गोयल को ईएनटी में मास्टर ऑफ सर्जन और डॉ. अपराजिता गोयल को बाल्य रोग उपचार में मास्टर ऑफ मेडिसिन की डिग्री प्रदान की गई। दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में दिल्ली के उप राज्यपाल ने दोनों को चिकित्सा क्षेत्र में एमएस और एमडी की उपाधि देते हुए आशा व्यक्त की, कि वें अपनी योग्यता का उपयोग पीड़ित और बीमार व्यक्तियों के इलाज करेंगे। दोनों चिकित्सकों की इस बात के लिए प्रशंसा की गई कि उन्होंने कोरोना महामारी से जूझ रहे हजारों लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधा प्रदान की।

गोवर्धन पूजन व छप्पन भोग की लीला सुन श्रोता गदगद

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। कचहरी परिसर स्थित श्री चन्द्रेश्वर भगवान शिव सिद्ध पीठ मंदिर में गुरूवार को पांचवें दिन व्यास पीठ से कथा व्यास पं. श्याम शंकर मिश्र छांगा पंडित जी द्वारा भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करने के साथ ही अक्रूर के निमंत्रण पर श्री कृष्ण के मथुरा गमन के साथ कुब्जा उद्धार, चारुण मर्दन तथा कंस बध और जरासंध कथा का वर्णन किया। श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन महाराज श्री ने संगीतमयी कथा के दौरान भक्तों को भक्त और भगवान की महिमा का जहां एक ओर गुणगान कराया। वहीं उन्होंने बाल रूप श्रीकृष्ण द्वारा भक्तों को गोवर्धन भगवान की पूजा के साथ इंद्र के मान मर्दन की लीला का बखान किया। इस बीच उन्होंने गोर्वधन पूजा व छप्पन भोग की सरस कथा के साथ आज की भागवत कथा को विश्राम दिया। गुरूवार को मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई भागवत कथा के पूजन में यजमान के रूप में चंद्रमणि त्यागी एडवोकट सपत्निकरहे। कथा आयोजक प्रवीण अरोरा और उनकी पत्नी सुमन अरोरा द्वारा गोवर्धन पूजा संपन्न कराई गई। भागवत कथा में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने इस दौरान भगवत कथा के श्रवण के साथ धर्म लाभ उठाया। श्रीमद्भागवत कथा में मुख्य रूप से अधिवक्ता इशान जैन, अतुल जैन, रविन्द्र गुप्ता व गोपाल माहेश्वरी, वैभव बंसल के अतिरिक्त अंजू गोयल, सरिता पुंडीर, अनुराधा गर्ग आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस संबंध में कार्यक्रम संचालक प्रेम प्रकाश अरोरा द्वारा जानकारी देते हुआ बताया कि अमावस्या तिथि को आयोजन समिति की ओर से शुकतीर्थ में बस जाएगी, जिसमें भक्तों को गंगा स्नान का मौका मिलेगा।

श्रीमद्भागवत कथा मुक्ति और सद्मार्ग का मुख्य साधनः मृदुल

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। मौहल्ला लक्ष्मण बिहार में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन नगर के प्रतिष्ठित कथा व्यास गंगोत्री तिवारी मृदुल जी महाराज ने ध्रुव प्रसंग, राजऋषि भरत प्रसंग, अजामिल उपाख्यान समुद्र मंथन कथा के साथ व्यास पीठ से भगवान राम व श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव समेत भागवत के अनेकानेक प्रसंगों का वर्णन कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। महाराज श्री ने कहा कि संसार में जब-जब अपराध बढ़ता है, तब धर्म की हानि होती है। वहीं आसुरी प्रवृति के लोग धरती पर ज्यादा अत्याचार करते हैं, तब-तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतरित होकर इन असुरों का विनाश कर धर्म की स्थापना भी करते हैं। व्यास जी ने भक्त प्रह्लाद चरित्र का श्रवण कराते हुए कहा कि राजा हिरण्यकश्यप ब्रह्मा जी से वरदान पाने के बाद वास्तव में ही इतना आक्रामक हो गया कि उसने अपने ही शासन काल में भगवान का नाम लेना लोगों को दूभर कर दिया था। भगवान की लीला देखिए कि उसी का पुत्र प्रह्लाद ने जब नारायण का नाम व भजन करना प्रारम्भ किया तो उसे भी पहाड़ से फैंकने, हाथी के पैरों तले कुचलवाने, होलिका में जलवाने तक के प्रयास किए, लेकिन भगवान हर जगह अपने भक्त प्रह्लाद की रक्षा करते रहे। अन्तोगत्वा भगवान श्री नारायण ने स्वयं नृसिंह रूप धारण करके हिरण्यकश्यप का वध करने के साथ धर्म की रक्षा की। ऐसे में हमें भगवान पर सदैव विश्वास कर सत्य मार्ग पर हमेशा चलने का प्रयास करना चाहिये। कभी अपने आप को अकेला महसूस नहीं करना चाहिए। हर समय मन में यही भाव रखना चाहिए कि हमारे साथ है रघुनाथ हमें किस बात की चिन्ता। इस प्रकार के पावन पुनीत प्रसंगों को सुनकर श्रोताओं की तालियों से पूरा पंडाल गूंजायमान रहा। कथा का आयोजन वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय राजेश वर्मा की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

धर्मेन्द्र उपाध्याय ने श्रीकृष्ण सुदामा की दोस्ती की दी मिसाल

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। भोपा रोड वृंदावन गार्डन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन श्री वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य धर्मेन्द्र उपाध्याय महाराज ने 7वें दिन गुरूवार को श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया गया। इसके साथ ही भगवान ने मां देवकी के कहने पर उनके 6 पुत्रों को वापसी के साथ सुभद्रा हरण का व्याख्यान एवं सुदामा चरित्र का सुन्दर वर्णन किया। कथा व्यास आचार्य धर्मेंद्र उपाध्याय जी महाराज ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा जी से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। जहां पर सुदामा ने द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे। द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह श्रीकृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है और अपना नाम सुदामा बता रहा है। महाराज श्री बोले की जैसे ही द्वारपाल के मुंह से भगवान ने सुदामा का नाम सुना, प्रभु सुदामा-सुदामा कहते हुए ही तेजी से द्वार की तरफ भाग पड़े, सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने एक-दूसरे को पुकारते हुए ही गले लगाया। दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। भगवान ने इस बीच में सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाने के साथ ही कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। महाराज बोले, भक्तों जब-जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी , प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। कथा व्यास धर्मेन्द्र उपाध्याय जी महाराज ने कहा कि जो भागवत कथा का श्रवण करता है, उसका जीवन तर जाता है। कथा में सत्य नारायण अग्रवाल, कमल मित्तल, अजय गर्ग, सुनील गोयल, नीरज अग्रवाल, प्रवीण गोयल, संजीव कंसल, राम अवतार, सतपाल मित्तल, कमलकांत गोयल, पंकज गुप्ता एवं राधे-राधे परिवार के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

ताड़का वध की लीला का हुआ सुंदर मंचन

जानसठ, २२ सितंबर (बु.)। कस्बे में चल रही रामलीला में बुधवार को ताड़का वध की लीला का सुंदर मंचन किया गया। हालांकि बूंदाबांदी होती रही, लेकिन भक्तों ने श्री राम की लीला का भरपूर आनंद लिया। बुधवार को प्राचीन रामलीला मौहल्ला मिश्रण में स्थानीय कलाकारों के द्वारा ताड़का वध की लीला का सुंदर मंचन किया गया। मंचन के दौरान दिखाया गया कि वन में असुरों के अत्याचार से परेशान महर्षि विश्वामित्र राजा दशरथ से राम–लक्ष्मण को मांगने जाते हैं। राजा दशरथ बहुत अनमने ढंग से राम–लक्ष्मण को विश्वामित्र के साथ भेजते है। गुरु के साथ जंगल जाते समय राम अहिल्या का उद्धार करते हैं। रामलीला का यह मंचन देख भक्त भाव विभोर हो गए। राम–लक्ष्मण वन में असुरों का संहार करते हैं। ताड़का को मारकर महर्षि के यज्ञ की रक्षा करते हैं। ताड़का वध होते ही पंडाल में उपस्थित भक्त प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाते हैं। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष निशांत कांबोज, सोनी कुमार गुर्जर, रामअवतार दीक्षित, अशोक राजपूत, उमाशंकर शर्मा, अमित शर्मा, रतन सिंह राजपूत, शालू वालिया, सुमित सैनी, प्रदीप राणा, यशदीप शर्मा, कैलाश सैनी, प्रमोद, डॉक्टर प्रदीप, अमरजीत सैनी, ज्ञानचंद सैनी, सहित नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मुजफ्फरनगर मण्डी

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़–शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:–

रसकट दैया–1205, चाकू 3200–3400, चौरसा –3150, पपड़ी–3150

सर्राफा बाजार

अरिहन्त ज्वैलर्स

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। सोना–चांदी के भाव इस प्रकार रहे–

सोना– 51,500 चांदी– 59,000

सिक्का– 70,000 गिन्नी– 40,250

आपका आज का राशिफल

शुक्रवार, 23 सितम्बर, 2022

मेष-विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, सामाजिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, मौज–मस्ती के निमित्त व्यय, विवाद समापन की ओर, यात्रा संतोषजनक।

वृषभ-सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों में कमी, कार्य–व्यवसाय में लाभ का सुअवसर, मेल–मिलाप की ओर रुचि, व्यापार में धन निवेश, सुयश की प्राप्ति।

मिथुन-स्वास्थ्य में शिथिलता, पारिवारिक समस्याओं से मन उदास, विवाद की आशंका, यात्रा में कष्ट, वाहन से भय, चोट–चपेट दुर्घटना की आशंका, अपव्यय भी।

कर्क-ग्रहयोग भाग्य के पक्ष में, आर्थिक व्यावसायिक उन्नति, पुरातन विवाद का समापन, पठन–पाठन में रुचि, सुख के जरूरी साधन सुलभ, आनन्द की अनुभूति।

सिंह-विचारित कार्यों में प्रगति, व्यावसायिक उन्नति का मार

1973-2022

सम्पादक की क़लम से

मोहन भागवत, इमाम उमर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, कल दिल्ली के इमाम हाउस पहुंचे। ये ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन का ऑफिस है। कस्तूरबा गांधी मार्ग पर बनी इस मस्जिद के बन्द कमरे में भागवत क़रीब एक घंटे चीफ़ इमाम डॉक्टर उमर अहमद इलियासी के साथ रहे। किसी मुस्लिम धार्मिक संगठन के प्रमुख से आरएसएस चीफ़ की मस्जिद में यह पहली मुलाकात है। देश के कई बुद्धिजीवियों ने इस मुलाक़ात को साम्प्रदायिक सौहार्द के लिये बेहतर पहल बताया। 22 अगस्त को भी संघ प्रमुख से मुस्लिम बुद्धिजीवियों की 5 सदस्यों की टीम ने मुलाक़ात की थी। इनमें पूर्व सांसद शाहिद सिद्दीकी, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई क़ुरैशी, पूर्व उपराज्यपाल नजीब जंग, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति जमीरुद्दीन शाह और कारोबारी सईद शेरवानी शामिल थे। मोहन भागवत ने उन लोगों से सबसे पहले गौहत्या पर अपना रुख़ स्पष्ट करने के लिए कहा था, इस पर इन लोगों ने कहा कि वे इसके ख़िलाफ़ हैं। उन्हें बताया गया कि एएमयू के संस्थापक सर सैय्यद अहमद ख़ान ने सभी समुदायों की भावनाओं का ख़्याल रखते हुए विश्वविद्यालय परिसर में बीफ़ पर प्रतिबंध लगा दिया था। एसवाई क़ुरैशी ने पत्रकारों बताया है कि उन्होंने इस मसअले पर कहा कि हमें भी इससे सरोकार है और अगर कोई गोहत्या में शामिल है, तो उसे क़ानून के तहत सज़ा मिलनी चाहिए। कहा जा रहा है कि आरएसएस प्रमुख ने इसके बाद मिलने गए लोगों से हिंदुओं के लिए 'काफ़िर' शब्द के इस्तेमाल पर भी सवाल उठाया, तो उन्हें बताया गया कि अरबी में इस शब्द का मतलब उस शख़्स से है, जो ईश्वर के अस्तित्व को ख़ारिज करता हो एसवाई क़ुरैशी के अनुसार, ये ऐसा मुद्दा नहीं है, जिसे सुलझाया ही न जा सके। उन्होंने बताया, हमने मोहन भागवत से कहा कि हमें भी दुख होता है, जब भारत के किसी मुसलमान को पाकिस्तानी या जेहादी कहा जाता है। मुस्लिमों के इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल एक शख़्स ने मोहन भागवत से कहा, हिन्दू 'काफ़िर' कैसे हो सकते हैं? उन्हें भी ईश्वर में विश्वास होता है। 'जिहाद' शब्द के बारे में मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने मोहन भागवत को बताया कि वे कभी भी इस शब्द का इस्तेमाल नहीं करते। मुस्लिम प्रतिनिधियों ने आरएसएस प्रमुख से कहा कि देश को बांटने के इरादे से 'असामाजिक तत्व' इसकी ग़लत व्याख्या कर रहे हैं। मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने बताया कि असल में इस शब्द का मतलब 'ख़ुद को सुधारने के लिए अपने भीतर किया जाने वाला प्रयास' है। एसवाई क़ुरैशी ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने आबादी और बहुविवाह की प्रथा को लेकर मुसलमानों को बदनाम करने के लिए चलाए जा रहे प्रोपेगेंडा पर सवाल उठाया है। उनके अनुसार, इससे मुसलमानों की स्टीरियो टाइप छवि को मज़बूत किया जा रहा है। मुस्लिम विद्वानों और हिन्दू विद्वानों में समय-समय पर वार्ता होनी चाहिए, इससे भाईचारा बढ़ेगा। अब इमाम और मोहन भागवत की मुलाक़ात को भी इसी नज़रिये से देखा जा रहा है। मोहन भागवत से भेंट के बाद इमाम डॉक्टर उमर इलियासी ने कहा कि हमारा डीएनए एक ही है, सिर्फ़ इबादत करने का तरीका अलग है। आरएसएस प्रमुख ने उनके बुलावे पर उत्तरी दिल्ली में मदरसा ताजवीदुल क़ुरआन का दौरा किया था। वहां वे बच्चों से भी मिले। एक सवाल के जवाब में उमर इमाम ने मोहन भागवत को राष्ट्रपिता और राष्ट्रऋषि बताया। उन्होंने कहा कि वे पारिवारिक कार्यक्रम में उनके बुलावे पर आए थे। उनके साथ सह सरकार्यवाह डॉक्टर कृष्ण गोपाल, इंद्रेश और रामलाल भी मौजूद रहे। डॉक्टर उमर से पूछा गया कि आरएसएस चीफ़ इमाम संगठन के दफ्तर आए। यह मस्जिद भी है। उनसे मुलाक़ात को किस तरह देखते हैं? उन्होंने कहा ये बहुत अच्छी बात और ख़बर है। इस मुलाक़ात के बारे में सभी को अच्छा ही सोचना चाहिए। ये देश के लिए अच्छा पैग़ाम है। इमाम हाउस में मोहन भागवत का आना, हम सबके लिए सौभाग्य और ख़ुशी की बात है। मैं उनका शुक्रगुजार हूँ कि मेरे निमंत्रण पर वे यहां आए। पत्रकारों ने इमाम उमर से कई सवाल पूछे। उनसे पूछा गया कि रामनवमीं से लेकर हिजाब के मुद्दे पर कई बार हिन्दू-मुस्लिम समुदाय आमने-सामने आए हैं। ऐसे में आरएसएस चीफ का आपसे मिलना क्या मैसेज देता है? इमाम उमर ने कहा कि हक़ीक़त यही है कि आप अपना नज़रिया बदलिए, नज़ारा बदल जाएगा। आपस में मिलकर मोहब्बत से रहें, यही हमारा पैग़ाम है। आज हमारा देश तेज़ी के साथ नई ऊंचाइयों पर जा रहा है। मोहन भागवत ने सभी को एक होकर चलने की बात कही है। ये इसी बात का संदेश है कि हम एक हैं और भारतीय हैं। इसी तरह से हमें अपने देश को आगे लेकर जाना चाहिए। हमारे देश की विशेषता है अनेकता में एकता। इमाम उमर से पूछा गया कि ज्ञानवापी मस्जिद वाले विवाद की शुरूआत हुई तब मोहन भागवत ने कहा था कि 'हर मस्जिद में शिवलिंग क्यों खोजना?' इस पर आप क्या कहेंगे? इमाम ने जवाब दिया कि मोहन भागवत ने जो कहा, वह ठीक कहा। यही वह संदेश है, जिससे कि सब आपस में जुड़े रहें और मोहब्बत से रहें, जहां मोहब्बत होती है, वहां अच्छा माहौल बनता है। सभी को इसी तरह से मिलकर रहना चाहिए। ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के साथ देशभर के क़रीब 5 लाख इमाम जुड़े हैं। संगठन की स्थापना 1976 में हुई थी। संगठन को हजरत मौलाना उमर अहमद इलियासी ने बनाया था। अभी संगठन के चीफ इमाम हजरत मौलाना उमर अहमद इलियासी हैं। डॉक्टर उमर अहमद से मुलाकात पर संघ प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि आरएसएस चीफ हर क्षेत्र के लोगों से मिलते हैं। यह संघ की नॉर्मल डायलॉग प्रोसेस ही का एक हिस्सा है। मोहन भागवत और मुस्लिम नेताओं की मुलाक़ात पर ओवैसी ने मुस्लिम नेताओं पर तंज़ कसा है। ओवैसी ने कहा है कि आरएसएस प्रमुख से मिलने वाले मुस्लिम नेता 'कुलीन' हैं और उनका ज़मीनी हक़ीक़त से कोई लेना-देना नहीं है। ओवैसी चाहे कुछ भी कहें ज़्यादातर लोग इस संवाद को देश के अम्न के लिये अच्छा बता रहे हैं।

चार तीर -सुनील 'उत्सव'

'कुर्ता' 'सियासत' 'जीवन' 'उम्र'
वो कड़क कुर्ता पहन कर कुछ का कुछ कहते रहे,
है सियासत क्या बला इतना मगर समझे नहीं।
नासमझ नेताओं की जीवन कहानी है यही,
उम्र भर चलते रहे, लेकिन कहीं पहुंचे नहीं।

शोक संदेश

अत्यंत दुःख के साथ सूचित कर रहे हैं कि हमारे पूज्य पिताजी
श्री मंगतराम जलौत्रा जी का
स्वर्गवास दिनांक : 13 सितम्बर 2022, दिन मंगलवार
को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म पगड़ी आज दिनांक 23 सितम्बर 2022, दिन शुक्रवार समय : दोपहर 1:30 से 3:00 बजे तक
स्थान : बारात घर, पचैण्डा रोड, मुजफ्फरनगर
पर होनी निश्चित हुई है।
-शोकाकुल परिवार-
कैलाश रानी (पत्नी), महेन्द्र कुमार जलौत्रा (भाई)
रमन-शिपाली (पुत्र-पुत्रवधु),
रचना-मुकेश चावला, (पुत्री-दामाद)
रश्मि-रमित चुग्घ (पुत्री-दामाद),
सार्थक, वृति (पौत्र, पौत्री)
एवं समस्त जलौत्रा परिवार
प्रतिष्ठान :
• तगदम्बा टैक्सटाईल
• विशाल टैक्सटाईल
• माँ वैष्णो डेयरी
• राकेश कन्फेक्शनरी
• जलौत्रा टेलीकॉम
मोबाइल : 9897383333, 8630943718

एक अक्टूबर से शुरु होगा विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान : डीएम

-7 अक्टूबर से लेकर 21 अक्टूबर तक आशा, आंगनवाड़ी, ए.एन.एम. देंगी घर-घर दस्तक

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (सू.वि.)। डीएम चंद्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में जनपद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के सफलतापूर्वक संचालन के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट के सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीएमओ द्वारा जानकारी दी गयी कि जनमानस को संचारी रोग से बचाने के लिए ०1 अक्टूबर से लेकर 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के जरिए संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर काबू पाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आमजनमानस को जागरूक किया जाएगा। 7 से 21 अक्टूबर तक दस्तक अभियान के जरिए आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संचारी रोगों से ग्रसित मरीजों को डोर-टू-डोर दस्तक देकर उन्हें चिन्हित करने के साथ-साथ इसके बचाव के प्रति जागरूक भी करेंगी। डीएम ने कहा कि एक अक्टूबर से शुरू होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह की पूरी तैयारी कर ली जाएं। अन्य विभागों के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने का प्रयास किया जाएगा। संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार के मामलों की निगरानी, लक्षण युक्त व्यक्तियों की कोविड-19 जांच करवाना, क्षय रोगों के लक्षण युक्त व्यक्तियों की जांच एवं उपचार की व्यवस्था, रोगियों के निःशुल्क परिवहन हेतु रोगी वाहन की व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, लार्वारोधी गतिविधियों, मॉनिटरिंग, पर्यवेक्षण, रिपोर्टिंग, अभिलेखीकरण तथा विश्लेषण का कार्य किया जाएगा। दस्तक अभियान में फिजिकल डिस्टेंसिंग, हाथों की धुलाई और मास्क की अनिवार्यता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि स्वास्थ्य कार्यकर्ता सावधानी रखते हुए लोगों को मलेरिया, डेंगू एवं कोरोना से बचाव के बारे में बेहतर तरीके से जागरूक कर सकें। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान के दौरान प्रशिक्षित आशा कार्यकर्ता तथा आंगनबाड़ी द्वारा घर घर जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपाय, लक्षण एवं निकटतम स्वास्थ्य केंद्र के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ता इस दौरान लक्षणों के आधार पर क्षय रोगियों की भी खोज करेंगी। आशा कार्यकर्ता द्वारा बुखार के अतिरिक्त खांसी तथा सांस लेने में दिक्कत या परेशानी की शिकायत वाले रोगियों को भी चिन्हित किया जाएगा तथा उन्हें कोविड जांच के लिए निकट स्वास्थ्य इकाई पर भेजा जाएगा। डीएम ने समस्त निकाय एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि समस्त नगर पालिका/नगर पंचायतों एवं सभी ग्रामों में फोगिंग एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करें। उन्होंने कहा कि इस समय बरसात के मौसम में प्रायः शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नालियां जाम हो जा रही हैं, इसके लिए नालियों की साफ-सफाई प्रतिदिन कराते रहें। बैठक में डॉ. लोकेश जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि टीबी के रोगियों में राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2015 के सापेक्ष 20 प्रतिशत से अधिक की कमी आयी, जिसके लिए आई सीएमआर की टीम द्वारा माह फरवरी-मार्च 2022 मे जनपद में सर्वे किया गया था, जिसके पश्चात स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया के द्वारा 24 मार्च को जनपद मुजफ्फरनगर को ब्रांज मैडल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीएम द्वारा डॉ. लोकेश जिला क्षय रोग अधिकारी को ब्रॉज मैडल देकर सम्मानित किया गया तथा 06 अन्य व्यक्ति जिनके द्वारा गत कई वर्षों से टीबी के रोगियों को गोद लेकर उनकी देख-भाल की जिम्मेदारी निभायी जा रही थी, उनको भी जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

गुरूद्वारे में अग्निवीरों को लंगर छकाते श्रद्धालुगण। -फोटो बुलेटिन

कामरेड सुरेन्द्र जैन की याद में २४ को रक्तदान शिविर

मुजफ्फरनगर, २२ सितम्बर (बुस.)। आपको सूचित करते हुए अत्यन्त हर्ष का अनुभव हो रहा है कि हमारे प्रेरणा स्रोत सुप्रसिद्ध व्यक्तित्व स्व. कामरेड सुरेन्द्र कुमार जैन प्रख्यात अखिल भारतीय बैंकिंग ट्रेड यूनियन लीडर, पूर्व अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद खतौली एवं श्री कुन्द कुन्द जैन एजुकेशन एसोसिएशन खतौली द्वारा अपने जीवन काल में स्थापित समाज सेवा के उच्चतम मापदण्डों को छूने के प्रयास में श्री कुन्द कुन्द जैन इण्टर कॉलेज, खतौली, जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कामरेड सुरेन्द्र कुमार जैन की पुण्यतिथि शनिवार, २४ सितम्बर को प्रातः ६ बजे से पुस्तकालय भवन, श्री कुन्द कुन्द जैन (पी.जी.) कॉलेज खतौली, मुजफ्फरनगर में एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित करने जा रहा है। रक्तदान कोविड-१९ (कोरोना) को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुक्रम में जिला चिकित्सालय की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा किया जाएगा। रक्तदान शिविर की अनुमति मुख्य चिकित्साधिकारी मु.नगर द्वारा प्रदान की गयी है। यहां यह भी ज्ञात हो कि हमें गत वर्षो में जनपद में एकबार में सबसे अधिक/बड़ा रक्तदान शिविर लगाने का गौरव प्राप्त हो चुका है। हर्ष का विषय है कि रक्तदान शिविर का उद्घाटन पूर्व विधायक सोमांश प्रकाश के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जैन समाज के गौरव पंकज जैन (एम.डी. पारस चैनल) की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। समस्त कार्यक्रम विद्यालय के ऊर्जावान प्रबन्धक राजीव जैन के कुशल निर्देशन मे किया जा रहा है। शिविर का आयोजन प्रतिवर्ष विद्यालय परिवार द्वारा किया जाता है।

एनआईए और एटीएस की टीम ने पीएफआई के सदस्य को उठाया

कैराना, 22 सितम्बर (बु.)। अर्धरात्रि में एनआईए व एटीएस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए गांव मामौर के प्रधानपति व पीएफआई के सदस्य मौलाना साजिद को उसके घर से उठा लिया। साजिद के ऊपर टेरर फंडिंग व कैम्प चलाने का आरोप है।

बुधवार रात करीब 2 बजे नोएडा एटीएस के इंस्पेक्टर एके सिंह ने अपनी टीम व एनआईए की टीम ने संयुक्त रूप से गांव मामौर में दबिश दी। इस दौरान ग्राम प्रधान पति मौलाना साजिद के मकान को टीम के जवानों ने चारों ओर से घेर लिया। टीम ने मौलाना साजिद के भाई जाहिद से पूछा कि तुम्हारा भाई साजिद कहां है? एक लडकी के बारे में पूछताछ करनी है। इसके बाद जैसे ही साजिद टीम के सामने आया टीम उसे गाड़ी में लेकर वापस चली गई। मौलाना साजिद के ऊपर टेरर फंडिंग व कैम्प चलाने का मामला बताया जाता है। साजिद के छोटे भाई साबिर ने बताया कि रात करीब 3 बजे सादी वर्दी में बहुत पुलिस व अन्य लोग आये ओर साजिद के बारे में पूछने लगे। टीम ने कहा कि किसी लडकी का मामला है, आधे घन्टा बाद साजिद को छोड़देगें। उसने कहा कि उसका भाई बेकसूर है, उसे फसाया जा रहा है। कोतवाली प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि एटीएस ने रात में मामौर में छापा मार कर पीएफआई के सदस्य और ग्राम प्रधानपति मौलाना साजिद को उठाया है।

2019 में सीएए के विरोध के समय भड़काऊ पोस्टरों के साथ साजिद को पकड़ा था पुलिस ने

कैराना। दिसम्बर 2019 में देश के कई हिस्सों में सीएए व एनआरसी को लेकर विरोध चल रहा है। कस्बे के ईदगाह के मैदान में भी सैंकड़ों लोगों ने धरना-प्रदर्शन किया था, वहीं इस दौरान पुलिस ने मामौर में छापा मारकर भड़काऊ पोस्टरों के साथ पीएफआई के सदस्य मौलाना साजिद सहित 7-8 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। बाद में साजिद जमानत पर बाहर आ गया था।

खतौली में पूजा अर्चना के साथ रामलीला प्रारम्भ

खतौली, २२ सितम्बर (बु.)। श्री सेठ रामस्वरूप पालीवाल ठाकुर द्वारा ट्रस्ट के रंगमंच पर श्रीरामलीला महोत्सव का ११२वां लीला मंचन पूजा अर्चना के साथ उल्लासपूर्वक प्रारम्भ हुआ। मिली जानकारी के अनुसार श्रीरामलीला ठाकुरद्वारा कमेटी के तत्वावधान में श्रीरामलीला मंचन के प्रथम दिन व ज्योतिषाचार्य पण्डित श्रीनिवास शर्मा व पंडित हितेश शर्मा के निर्देशन में धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना प्रारम्भ हुई। इस दौरान मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रमोद अन्ना सहित रामलीला कमेटी प्रधान सेठ गणेश शंकर पालीवाल महामंत्री रामकुमार भटनागर, अनोज श्रीवास्तव, कन्हैया मित्तल, अनिल त्यागी, सूर्य पालीवाल, राजेन्द्र विश्वकर्मा, संजय, कुलबीर सिंह, कर्णवाल, रजनीश मिश्रा, दुष्यंत अन्नू, तेजपाल शर्मा आदि सहित रामलीला कमेटी के सदस्य सहित नगर के गणमान्य मौजूद थे। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष व रामलीला कमेटी के संरक्षक नरेश पालीवाल ने कहा कि रामायण प्रत्येक व्यक्ति के लिए ऐसा ग्रन्थ है, जिसके सभी पात्र हमारे जीवन के लिए प्रेरणा श्रोत हैं। उन्होंने कहा कि ठाकुरद्वारा ट्रस्ट के रंगमंच पर विगत कई दशकों से रामलीला मंचन की सफलता नगर व क्षेत्र के स्त्री वर्ग के लोगों का निरंतर मिल रहा सहयोग व लग्नशीलता है। उन्होंने कहा कि रामायण के नायक भगवान श्रीराम हमारे पूज्यनीय मर्यादा पुरूषोत्ताम राम हैं। वहीं लीला के पात्र रावण, विभीषण, केवट आदि अन्य पात्र भी हमारे लिए शिक्षा प्रदान करते हैं। पूर्व पालिका अध्यक्ष ने लम्बे अन्तराल से रामलीला के सफल मंचन के लिए रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों सहित दर्शकों का साधुवाद करते हुए भविष्य में भी अपने महापुरूषों के आदर्शों का पालन करने व धार्मिक व सामाजिक कार्यों में सहभागिता बनाये रखने पर बल दिया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रमोद अन्ना द्वारा फीता काटकर रामलीला के ११२वें मंचन का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात रामलीला मण्डली कलाकारों द्वारा नारद मोह लीला का मंचन करने के अतिरिक्त नारद की तपस्या से भयभीत इन्द्र के आदेश पर कामदेव द्वारा नारद की तपस्या को भंग करने का प्रयास सहित मनूशतरूपा द्वारा वरदान मांगने आदि की लीलाओं का मंचन किया गया। कोरोना महामारी के कारण विगत दो वर्ष रामलीला का मंचन न होने के पश्चात इस वर्ष रामलीला के ११२वें मंचन के दौरान भारी संख्या में दर्शकगण मौजूद थे।

पूर्व प्रधान को गवाही देने पर दी जान से मारने की धमकी

भोपा, २२ सितम्बर (बु.)। हत्या के मामले में गवाह बने मोरना के पूर्व प्रधान को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पूर्व प्रधान ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना के पूर्व प्रधान महकसिंह ने बताया कि वह २०१० से २०१५ के मध्य गांव के ग्राम प्रधान रहे। इसी दौरान गांव में चन्द्रवीर नामक व्यक्ति की हत्या हो गई थी, जिसका मुकदमा पुलिस की ओर से अभियुक्तों के खिलाफ दर्ज है। महक सिंह प्रधान होने के नाते इस मामले में गवाह है। महक सिंह को अभियुक्त रोहताश धमकी दे रहा है। अभियुक्त रोहताश पूर्व प्रधान के आवास पर आया तथा गाली-गलौच कर हत्या करने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने अभियुक्त रोहताश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

'जल संरक्षण' एवं 'कैच द रेन' हेतु हुआ गोष्ठी का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की जन्म जयंति तक' 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक' निमित्त सेवा के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से 'सेवा पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। इस निमित्त जनपद में आज सभी 9 विकास खण्डों पर सभी 'जल ही जीवन' (जागरूकता अभियान) 'जल संरक्षण' एवं 'कैच द रेन' हेतु गोष्ठी की गई और सभी मण्डलों में घर-घर सम्पर्क कर 'जल संरक्षण' के तरीकों व पत्रक बांटकर जागरूक किया गया। इस निमित्त सदर ब्लॉक में जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, जिला महामंत्री सुषमा पुण्डीर, जिला मंत्री रेणु गर्ग, सुधीर खटीक, जिला मंत्री पिछड़ा मोर्चा विजय वर्मा, मण्डल अध्यक्ष हरेन्द्र पाल, महेश सैनी की उपस्थिति में गोष्ठी की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने सभी को 'जल संरक्षण' के तरीकों व पत्रक बांट कर जागरूक किया और जिले सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसी प्रकार मोरना ब्लॉक पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल व ब्लॉक प्रमुख अनिल राठी व हरपाल महार, चरथावल ब्लॉक पर जिला महामंत्री के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया। भाजपा के जिला मंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक सुधीर खटीक के बताया कि जिले के सभी 9 ब्लॉकों पर गोष्ठी व जिले के प्रत्येक मण्डलों में घर-घर सम्पर्क कर 'जल संरक्षण' के तरीकों व पत्रक बांट कर जागरूक किया और जिले सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसी प्रकार मोरना ब्लॉक पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल व ब्लॉक प्रमुख अनिल राठी व हरपाल महार, चरथावल ब्लॉक पर जिला महामंत्री विनीत कात्यायन व संजय धीमान, ब्लॉक बघरा में सदस्य पिछड़ा आयोग सपना कश्यप व रामकुमार कश्यप, खतौली ब्लॉक में पूर्व जिलाध्यक्ष रूपेन्द्र सैनी व बिजेन्द्र पांचाल, बुढ़ाना ब्लॉक में विनोद सैनी व रामनरेश, शाहपुर ब्लॉक में पूर्व विधायक उमेश मलिक व नवनीत पाल, जानसठ ब्लॉक में पूर्व सासद सोहनवीर व जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा सुन्दरपाल, पुरकाजी ब्लॉक में पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ उपस्थित रहे।

घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट

भोपा, २६ सितम्बर (बु.)। जबरदस्ती घर पर कब्जा करने के उद्देश्य से आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की, जिसमें एक महिला घायल हो गयी। घायल का अस्पताल में उपचार कराया गया। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव इलाहाबास निवासी राजकुमार ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसके भाई का परिवार उससे खुन्नस रखता है। उसका भाई २० वर्ष पूर्व अपना मकान बेचकर देहरादून चला गया था। कुछ दिनों से उसके भाई का परिवार गांव में आया हुआ है। गुरूवार को उसके भाई के परिवारजनों ने गांव के अन्य व्यक्तियों के संग मिलकर जबरदस्ती उसके मकान पर कब्जे का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी तथा फायर भी झोंक दिया। मारपीट में राजकुमार की पत्नी बबीता घायल हो गयी। घायल को भोपा सीएचसी पर लाया गया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

खेल के मैदान से अवैध अतिक्रमण हटवाया

मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)। डीएम वार रुम द्वारा ग्राम मोहम्मदपुर माफी में खेल के मैदान से अवैध अतिक्रमण को हटवाने के सम्बन्ध मे शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही करते हुए खेल के मैदान से अवैध अतिक्रमण हटवाया गया। डीएम वार रुम में शिकायतकर्ता द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम मोहम्मदपुर माफी में खेल के मैदान पर कुछ लोगों ने अवैध अतिक्रमण कर रखा है, जिसमें शिकायतकर्ता द्वारा खेल के मैदान से अवैध अतिक्रमण हटवाने हेतु अनुरोध किया गया था। प्राप्त शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर डीएम वार रुम ने शिकायत को खंड विकास अधिकारी खतौली को अग्रेषित करते हुए जल्द से जल्द शिकायत का निस्तारण करने के आदेश दिये। खंड विकास अधिकारी खतौली के निर्देश पर ग्राम सचिव द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए खेल के मैदान से अवैध अतिक्रमण हटवाया गया एवं कब्जा धारियों को सख्त चेतावनी दी गयी कि यदि खेल के मैदान पर पुनः कब्जा किया गया, तो कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया में शिकायतकर्ता उपस्थित थे।

जार जार रोए शिया सोगवार

चरथावल, २२ सितम्बर (बु.)। चालीसवें चेहलुम के अवसर पर शिया सोगवारों ने जमकर मातम किया और मातमी जुलूस निकाला। शिया सोगवारों ने या हुसेन या हुसेन के नारों के साथ जमकर मातम किया। शिया सोगवारो का मातमी जुलूस इमामबाड़े से शुरू होकर शिवचौक, बाजार कला, मुर्दापट्टी चोक से होते हुए कर्बला पहुँचा। थाना प्रभारी ने इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था की कमान सँभाले रखी। वहीं मौलाना ने तकरीर करते हुए कहा कि इस्लाम दुनिया मे भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है। शिया सोगवारों के लिए पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंघल, पूर्व चेयरमैन पति मास्टर इस्लाम, सदाकत अली, भूरा आढ़ती, सत्तार मेम्बर, ताहिर अंसारी, संजय मास्टर, रियासत बबरा आदि ने अपनी पूरी टीम के साथ शिया सोगवारों की सेवा में जुटे रहे।

3 दिवसीय ओडीओपी प्रदर्शनी का आज होगा उद्घाटन

मुज़फ्फरनगर, २२ सितम्बर (सूवि.)। आत्मनिर्भर भारत के परिपेक्ष में एक जनपद एक उत्पाद प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के अंतर्गत उनकी उद्घोष वोकल फॉर लोकल के उद्देश्यों के उपलक्ष में तीन दिवसीय ओडीओपी की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जनपद मुजफ्फरनगर में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई मेरठ रोड के प्रांगण में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन 23 सितंबर से 25 सितंबर तक किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन कल यानि आज 11 बजे किया जाएगा।

एडीएम की अध्यक्षता में हुई अभियोजन समीक्षा बैठक

मुज़फ्फरनगर, २२ सितम्बर (सूवि.)। अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। अभियोजन कार्यों की समीक्षा करते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने निर्देश दिया कि गम्भीर प्राकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायी जाये। उन्होंने पॉक्सो एक्ट में पैरोकार की व्यवस्था करने के निर्देश देते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित करते हुए अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलाए जाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे अपराधी किस्म के लोगों को यह मैसेज जाये कि छोटा से छोटा अपराध करने पर भी वे सज़ा से बच नहीं सकते हैं। अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा करते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने कहा कि प्रत्येक माह की कार्य योजना बनाते हुए जनपद के टॉप 10 अपराधियों को सजा दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि न्यायालय में साक्ष्य के लिए आने वाले गवाहों से शत प्रतिशत परिक्षित कराया जाये। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने मौजूद शासकीय अधिवक्ताओं एवं अभियोजन के अधिकारियों से न्यायालयों में साक्षियों की उपस्थिति और उनके पक्षद्रोही होने के कारणों की समीक्षा की एवं कहा कि समन तामीली समयबद्ध होनी चाहिए। न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में सफल अभियोजन पैरवी कर सजा का प्रतिशत बढ़ाया जाना चाहिए, ताकि न्यायालयों में लंबित पुराने मामलों का निस्तारण शीघ्र हो सके। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बताया कि पॉक्सो एक्ट में समीक्षा करते हुए माह अगस्त में कुल 20 निर्णीत वादों में से कुल 05 वादों में सजा दिलाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शासन द्वारा मुख्य रुप से पॉक्सो एक्ट, महिला संबंधित अपराध, गुंडा एक्ट में अत्याधिक गंभीरता के साथ समीक्षा की जाती है, इसलिए वादों में पैरवी जटिलता से की जाए एवं मामलों को जल्द से जल्द निर्णीत कराने हेतु अभियोजक विशेष ध्यान दे। बैठक में पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशान्त प्रसाद एवं समस्त शासकीय अधिवक्ता उपस्थित रहें।

BRANDEZZA.IN IS HIRING
Call center executive, Client Manager. should be fluent in English and Hindi languages.
Fresher's and Experienced Candidates can Apply.
Salary Scale : 7000-20000 inr
Interested Candidates can WhatsApp CV on this number
Name : NEETIKA, Contact : 9520866299

तुरन्त आवश्यकता है
महाराजा अग्रसेन कन्या (पी.जी.) महाविद्यालय, चरथावल (मुजफ्फरनगर)
को बी.ए. (अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र) व बी.कॉम., एम.क

अग्निवीर: बारिश ने युवाओं के अरमानों पर फेरा पानी

➲दो दौड़ के बाद रोक देनी पड़ी प्रक्रिया ➲रुक रुककर बारिश बनी रही दौड़ में बाधा ➲कीचड़ में दौड़ लगाने वाले युवा फिसले

मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)। तीसरे दिन रामपुर जिले के युवाओं के जोश को मौसम ने धो डाला। रात भर दौड़ के लिए कतारों में इंतजार करने के बाद सुबह हुई तेज बारिश के बाद स्टेडियम में भरा पानी अग्निवीर सेना भर्ती के लिए आए युवाओं के रास्ते में बाधा बन गया। घंटों इंतजार करने के बाद कीचड़ भरे मैदान में ही युवाओं को दौड़ लगानी पड़ी। आज 5900 युवाओं का पंजीकरण था। इनमें साठ प्रतिशत युवा ही इसमें भाग लेने पहुंचे।

रामपुर, मिलक, बिलासपुर, शाहबाद और स्वार टांडा के युवाओं के लिए आज भर्ती होनी थी। इसके चलते बीती रात से ही युवाओं के मैदान पर पहुंचने का क्रम शुरू हो गया था, लेकिन सुबह के समय हुई तेज बारिश ने उनके अरमानों पर पानी फेरने का काम किया। आज सुबह दौड़ हुई तो सिर्फ दो दौड़ हो पाई। मैदान में बारिश का पानी और कीचड़ जमा हो जाने के कारण दौड़ का आयोजन रोक दिया गया। इसके बाद सेना के जवान व अफसरों की निगरानी में कर्मचारी मैदान सुखाने में लगे रहे लेकिन बारिश रुक-रुक कर जारी रहने के कारण दौड़ रोक दी गई। रामपुर जिले के करीब 5900 युवाओं ने इसके लिए पंजीकरण कराया था। इनमें साठा प्रतिशत ही मैदान तक पहुंच पाए। अभ्यार्थियों ने दो दिन पहले ही जनपद में अपना डेरा डाल लिया था। रात में बारिश के बाद जैसे तैसे चौधरी चरण सिंह स्पोटर्स स्टेडियम का मैदान सुखाया गया। इसके बाद दो दौड़ हुई। फिर दोबारा हुई बारिश के कारण मैदान में पानी भर जाने से दौड में बाधा आई। इसके बाद तमाम अभ्यर्थियों को स्टेडियम में बने टिन शेड में बैठा दिया गया। बारिश लगातार जारी रहते सेना ने सफाईकर्मी भी बुलाए गए और जैसे तैसे मैदान में दौड़ के हालात बनाए गए, लेकिन पानी और कीचड़ युवाओं के रास्ते में बाधा बना रहा। युवाओं का कहना है कि कीचड़ के चलते उन्हें दौड़ में तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ा। ऐसे में जैसे तैसे आज दौड़ का आयोजन संपन्न हो सका। सेना के अधिकारियों ने मैदान को सुखाने में पालिका के सफाईकर्मियों के सहयोग की सराहना की।

शामली, कैराना और ऊन के युवाओं के आने के साथ आज असली अग्निपरीक्षा

सेना भर्ती के लिए जिला प्रशासन के लिए अब असली परीक्षा शुक्रवार को होगी जब शामली, कैराना और ऊन के प्रतिभागी भर्ती के लिए पहुंचेंगे। शुक्रवार को शामली जिले के युवा भर्ती के लिए मैदान पर उतरेंगे। पड़ौसी जिले के इन युवाओं के पहुंचने का क्रम आज देर शाम तक जारी रहा। माना जा रहा है कि शामली से काफी अधिक तादाद में युवा भर्ती रैली में शामिल होंगे। ऐसे में आज शाम से ही सुरक्षा की व्यवस्था काफी कड़ी रखी जा रही है।

भर्ती के लिए आए युवाओं के मददगार बने दैनिक रेल यात्री

मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)। अग्निवीर भर्ती में दैनिक रेल यात्री संघ के पदाधिकारी भी सहयोग कर रहे हैं। दैनिक रेल यात्री संघ के अध्यक्ष घनश्याम भगत महामंत्री दीपक गुप्ता के नेतृत्व में दैनिक रेल यात्री संघ ने दैनिक यात्रियों से आह्वान किया गया है देश सेवा के लिए आ रहे युवाओं को ट्रेनों में बैठने की कोई असुविधा ना हो। उनको भर्ती स्थल आने-जाने ठहरने की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने रेलवे स्टेशन मार्केट के दुकानदारों को अग्निवीर सैनिकों को भर्ती में आए हुए अभ्यार्थियों को भी उचित रेट से समान देने के लिए अपील की। इस अवसर पर व्यवस्था बनाने वालों में घनश्याम भगत, दीपक गुप्ता, रविंद्र शर्मा, महेश गोयल, दीपक भाटिया, विनोद कुमार, राजू भाटिया, पारस कुमार, शंभू नाथ, बृजमोहन प्रधान व राजेश चौहान आदि उपस्थित रहे।

बारिश के कारण रुकी भर्ती प्रकिया के बाद टीनशेड के नीचे बैठे अभ्यर्थी

दहेज में तीन लाख न मिलने पर ढहाये विवाहिता पर जुल्म

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। अतिरिक्त दहेज में 3 लाख रुपये न मिलने पर पति व ससुराल वालों ने विवाहिता पर जुल्म ढहाये, देवर ने विवाहिता के साथ बदनीयत से छेड़छाड़ की। विवाहिता को इतनी बुरी तरह पीटा गया कि उसके गर्भ में पल रहा बच्चा भी मर गया। पीड़िता ने पति सहित 6 लोगों के विरुद्ध शहर कोतवाली पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। शहर कोतवाली पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव तावली निवासी नजराना ने बताया कि उसका निकाह दो वर्ष पूर्व खालापार निवासी अबरार पुत्र फजल के साथ हुआ था। पीड़िता का आरोप है कि पति व ससुराल वाले शादी में दिये गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे और अतिरिक्त दहेज में तीन लाख रुपयों की मांग कर रहे थे। पीड़िता ने अपने देवर पर बदनीयत से छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि पति व ससुराल वालों ने उसे बुरी तरह मारा-पीटा और उसके मायके छोड़ आए। ससुराल वालों की पिटाई से उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की भी मौत हो गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति व देवर सहित 6 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

शेष : लटकी कार्रवाई की...

सहयोग से वर्तमान में पालिका को प्रदेश की मालदार निकायों में शामिल कराने में सफल रही। उन्होंने दावा किया कि पालिका पर किसी कर्मचारी का बकाया वर्तमान में नहीं है। पालिका में पहली बार तमाम 50 वार्डों में इस बीच करीब 7-7 लाख रुपये के विकास कार्य दिये गये। ऐसे में भेदभाव का आरोप निराधार नहीं तो ओर क्या है। बैठक में चेयरमैन का हौसला बढ़ाते हुए बीस सभासदों ने चेयरमैन अंजू अग्रवाल द्वारा ऐसे में स्वैच्छिक इस्तीफा देने के निर्णय का विरोध करते हुए कहा कि हम यह लड़ाई अंतिम दिन तक लड़ेंगे। इस्तीफा देकर घर ऐसे नहीं बैठेंगे। दूसरी ओर सभासदों ने चेयरमैन की कार्यप्रणाली को गलत बताते हुए कहा कि उन्होंने अपनी दिमाग के बजाय दूसरे के इशारे पर काम किया। अगर वे पद पर रहते हुए खुद फैसले लेती तो आज तस्वीर जुदा हो सकती थी। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से वार्ड सभासद पूनम शर्मा, सरफराज आलम, अब्दुल सत्तार, हनी पाल, मौ. सरफराज, दिलशाद मुन्ना, अरविन्द धनगर, उमा देवी, पिंकी, सलीम अहमद, मौ. राहत, कैलाशो देवी, नदीम खां, याकूब अहमद, आबिद अली, नरेश चंद मित्तल, राहुल पंवार, पवन के अलावा सभासद पति नरेश खटीक, नौशाद कुरैशी, अन्नू कुरैशी, मुनेश कुमार, विवेक चुग्घ आदि मौजूद रहे।

गालीबाज श्रीकांत त्यागी को हाईकोर्ट से मिली जमानत

नोएडा, 22 सितंबर (वार्ता)। श्रीकांत त्यागी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से श्रीकांत त्यागी को जमानत मिल गई है। बताया जा रहा है कि हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद अब श्रीकांत त्यागी जल्द ही जेल से बाहर आ सकता है। नोएडा की एक चर्चित सोसायटी में महिला के साथ बदसलूकी का आरोपी श्रीकांत त्यागी 9 अगस्त से ही जेल में बंद है। नोएडा में महिला से बदसलूकी करने का यह मामला 5 अगस्त का है। श्रीकांत त्यागी का एक वीडियो भी वायरल हुआ था। जिसके बाद इस वीडियो की काफी चर्चा हुई थी। श्रीकांत त्यागी पर कठोर कार्रवाई किये जाने की मांग की गई थी। हालांकि पुलिस की दबिश बढ़ने के बाद श्रीकांत त्यागी फरार हो गया था। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। नोएडा के सेक्टर-93बी में स्थित ग्रैंड ओमेक्स हाउसिंग सोसाइटी में श्रीकांत त्यागी ने बालकनी को कवर किया कर लिया था और बालकनी के आसपास काफी संख्या में पेड़-पौधे लगाए हुए थे। श्रीकांत त्यागी खुद को भाजपा नेता बताता था और सोसायटी के लोगों पर धौंस जमाता था। 5 अगस्त को सोसायटी में एक महिला के साथ उसकी बहस हो गई थी। महिला ने आरोप लगाया था कि उसने अवैध कब्जा कर रखा है। इसपर बौखलाए श्रीकांत त्यागी ने महिला को गाली दी थी और उन्हें धक्का भी दिया था। इसका वीडियो वायरल होने के बाद श्रीकांत त्यागी की मुश्किलें बढ़ गई थीं। भाजपा ने भी साफ किया था कि श्रीकांत त्यागी से पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है।

सड़क हादसे में दम्पती गंभीर

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। नई मंडी क्षेत्र में बाईपास पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को हायर सेंटर रैफर किया गया है। घायल दम्पती के पुत्र ने नई मंडी थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मेरठ जनपद के सरधना थाना क्षेत्र के गांव भायंगी निवासी पीयूष राणा ने जताया कि उसके पिता सुशील राणा व माँ सुषमा देवी बाइक पर सवार होकर अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। बाईपास पर भोपा रोड स्थित ओवर ब्रिज के पास तेज रफ्तार से आए वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिये जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

बारिश के कारण मौसम में ठंडक, ढह गया पारा

➲पालिका की उपब्धियों का दिख रहा सड़कों की कीचड़ में नजारा

मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)। एक और दिन बारिश के नाम रहा। रात में और सुबह के समय जोरदार बारिश के बाद दिन में भी रिमझिम चली। इसके चलते मौसम में ठंडक तो रही, लेकिन बारिश थमने के बाद उमस भी महसूस हुई। बारिश के चलते सड़कों की बदहाल व्यवस्था लोगों के लिए लगातार मुसीबत बन कर पालिका के चार साल के कार्यकाल की कहानी बता रही है। आज अधिकतम तापमान गिरकर 27.6 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री रहा और कुल छह मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। असौज का महीना शुरू होने के बाद से लगातार बारिश का दौर लोगों को सुकून तो दे रहा है, लेकिन साथ ही गंदगी, कीचड़ और जल भराव के कारण तमाम समस्याएं भी बढ़ रही हैं। शहर में टूटी सड़कें जल भराव कीचड़ में तब्दील हो गई। लोगों को जलभराव और फिसलन होने से परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह के समय बच्चे भीगते हुए स्कूल पहुंचे। एक बार फिर मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के साथ बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। हालांकि लगातार कभी तेज तो कभी धीमी बारिश किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। किसानों की माने तो लगातार हुई बारिश से गन्ना, धान, चारे की फसलों को फायदा मिल रहा है। आईएमडी ने मंगलवार को कहा था कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के लौटने की सामान्य तारीख 17 सितंबर है और यह सामान्य तारीख से तीन दिन बाद दक्षिण-पश्चिम राजस्थान के कई हिस्सों और पास के कच्छ से लौट चुका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और छिटपुट स्थानों पर भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। इस दौरान दृश्यता कम हो सकती है, यातायात बाधित हो सकता है वहीं कच्ची सड़कों एवं कमजोर इमारतों को नुकसान पहुंच सकता है।

उदाहरण बनेगा महिला विशेष सत्र: योगी

लखनऊ, 22 सितंबर (वार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कन्या सुमंगला, उज्ज्वला, मातृ वंदना, स्वामित्व योजना और मिशन शक्ति जैसे प्रयासों से प्रदेश की महिलाएं सशक्त और स्वावलंबी हुई हैं। विधानसभा में बृहस्पतिवार को महिलाओं के लिए आयोजित विशेष सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानमंडल के दोनों सदनों में महिलाओं को समर्पित रही यह कार्यवाही देश के सामने उदाहरण बनेगी। उन्होंने कहा कि देश की आजादी से लेकर आज तक के विकास में नारी शक्ति का बड़ा योगदान रहा है। राज्य सरकार बेटी के जन्म से लेकर उसके विवाह तक के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है।

शिवलिंग की कार्बन डेटिंग जांच की मांग पर नोटिस जारी

वाराणसी, 22 सितंबर (वार्ता)। ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में गुरुवार से नियमित सुनवाई शुरू हो गई। इस दौरान हिंदू पक्ष की ओर से ज्ञानवापी में मिले कथित शिवलिंग की कॉर्बन डेटिंग की मांग करते हुए प्रार्थन पत्र दाखिल किया गया। अदालत ने मुस्लिम पक्ष को इस पर अपना जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया है। अगली सुनवाई 29 सितंबर को होगी।

शिंजो आबे को अंतिम विदाई देने जापान जाएंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली, 22 सितंबर (वार्ता)। जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को अंतिम विदाई देने प्रधानमंत्री मोदी 27 सितंबर को जापान जाएंगे। 8 जुलाई को गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। इसके बाद 17 जुलाई को उनके परिवार ने आबे का अंतिम संस्कार किया था। हालांकि अब उनको राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी जिसमें दुनियाभर के नेता शामिल होंगे।

लाखों का सामान जलकर राख

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के एटूजेड रोड स्थित एक बुटीक में आग लगने से बुटीक में रखा लाखों का सामान राख हो गया। सूचना पाकर पहुंची दमकल की टीम ने बामुश्किल आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के एटूजेड रोड पर रवि वर्मा का बुटीक है। गुरूवार तड़के बुटीक में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना पाकर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने किसी तरह शटर को तोड़कर आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाए जाने तक बुटीक में रखे कपड़े और अन्य सामान राख हो गया।

महिला का हत्यारोपी पति गिरफ्तार

मीरापुर, 22 सितम्बर (बु.)। गांव कुतुबपुर में चार दिन पूर्व हुई दहेज हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शेष आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से बाहर है। चार दिन पूर्व कुतुबपुर गांव निवासी महिला मशरूफ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका के गले पर फांसी के फंदे के निशान बने थे, जिसके बाद मौके पर आए मृतका के परिजनों ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पति उमर मौहम्मद व सास मूना, जेठ आस मौहम्मद व देवर परवेज व सुएब पर मशरूफा की हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था तथा मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने देररात्रि आरोपी पति उमर मौहम्मद उर्फ सोनू को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया, जबकि अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं।

पुलिस ने वारदात करने आ रहे बिजनौर के दो बदमाश दबोचे

मुजफ्फरनगर। नई मंडी पुलिस ने शहर में वारदात करने आ रहे बिजनौर निवासी दो बदमाशों को अवैध शस्त्रों व संदिग्ध बाइक के साथ दबोचा है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि नई मंडी पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु गश्त पर थी। गश्त के दौरान पचैंडा पुलिया पर पुलिस ने बाइक सवार दो संदिग्ध युवकों को देखकर उन्हें रुकने का इशारा किया, तो बाइक सवार युवक मौके से भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से एक तमंचा, कारतूस व चाकू बरामद हुआ। दोनों आरोपियों के पास से मिली बाइक के कागजात भी नहीं थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी बिजनौर निवासी इमामूद्दीन पुत्र अब्दुल गफ्फूर व अकरम पुत्र शमीम हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

अग्निवीर का विरोध करते हुए नरेश टिकैत ने चलाया भंडारा

➲भाकियू और रालोद कार्यालय पर युवाओं के लिए चला भोजन

मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)। अग्निवीर योजना का विरोध कर रही भाकियू और रालोद आज भर्ती के लिए आए युवाओं के लिए पलक पांवडे बिछाती नजर आई। खुद भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत उनकी सेवा में जुटे रहे।

प्रदेश के विभिन्न स्थानों से अग्निवीर भर्ती हेतु मुजफ्फरनगर में आये देश के युवाओं को भाकियू कार्यालय पर लगाए गए भंडारे में भोजन कराया गया। इस मौके पर वहां पहुंचे भाकियू अध्यक्ष ने अग्नि वीर भर्ती के लिए आए युवाओं से वार्ता की। उन्होंने एक बार फिर योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार युवाओं से छलावा कर रही है, आज देश का युवा वर्ग और किसान बदहाल से भी बढ़कर अपना जीवनयापन करने को मजबूर हैं। टिकैत ने बताया कि सरकार किसान के असली मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए है। भाजपा के राज में महंगाई ने कमर तोड़ कर रख दी है। जात पात और धर्म के नाम पर देश का बंटवारा कर दिया है। अग्निवीर भी एक छलावा है। 4 साल में तो जवान ठीक तरह से हथियार पकड़ना भी नहीं सीख पाता। ये सब देश की सुरक्षा के साथ भी छलावा है। नरेश टिकैत ने कहा है किसान को गन्ने का उचित भाव नहीं मिल रहा न ही समय पर पेमेंट हो रहा है, जिससे किसान परेशान है। बिजली का भी अता पता नहीं, 24 जिलों में बरसात अपेक्षा से बहुत कम हुई, जिससे किसान सूखे की मार झेल रहा है, लेकिन किसी भी राजनीतिक पार्टी ने जनप्रतिनिधि ने इस विषय पर कोई चर्चा की नहीं की है। सरकार ने किसानों की समस्या पर कम बरसात होने के कारण किसानों को कोई सहूलियत देने की घोषणा नहीं की है। इन सबसे साफ जाहिर होता है कि सरकार आमजन ओर किसानों की घोर विरोधी है। भाजपा सरकार पूरी तरह विफल है। दूसरी ओर रालोद कार्यालय पर भर्ती के लिए आने वाले युवाओं के लिए विश्राम के साथ उनके भोजन की व्यवस्था की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रभात तोमर व सुधीर भारतीय आदि तमाम रालोद कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनका विरोध युवाओं से नहीं सरकार की अग्निवीर नीति से है, जो वे करते रहेंगे।

अग्निवीर सेना में भर्ती होने आए युवाओं को खाना परोसते भाकियू सुप्रीमो नरेश टिकैत।

रालोद कार्यालय पर भी अग्निवीर भर्ती युवाओं के लिए भोजन का प्रबंध किया गया।

पीएफआई के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापे, 106 से अधिक लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली, 22 सितंबर (वार्ता)। दिल्ली समेत देशभर में 11 राज्यों में एनआईए द्वारा गुरुवार को पीएफआई के करीब 100 से ज्यादा ठिकानों पर की गई ताबड़तोड़ छापेमारी के दौरान से गिरफ्तार किए गए पीएफआई से जुड़े 18 आरोपियों को पटियाला हाउस कोर्ट ने 4 दिन की एनआईए की हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने गुरुवार को 11 राज्यों में एक साथ पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) संगठन के करीब 100 ठिकानों पर छापेमारी में अब तक 106 से अधिक पीएफआई सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पीएफआई तथा उसके सदस्यों पर आतंकवाद के लिए धन जुटाने, ट्रेनिंग कैंप चलाने तथा लोगों को बरगला कर उन्हें अपने साथ जोड़ने के आरोप हैं। बताया जा रहा है कि एनआईए, ईडी और राज्य पुलिस की संयुक्त टीमों ने करीब 11 राज्यों के करीब 100 ठिकानों पर छापेमारी की। ये छापे दिल्ली, उत्तर प्रदेश, केरल, महाराष्ट्र, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश, असम, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, पश्चिम बंगाल और मणिपुर आदि राज्यों में मारे गए। सबसे अधिक केरल में 39 तथा तमिलनाडु में 16, कर्नाटक में 12 और आंध्र प्रदेश में सात जगहों पर छापेमारी की गई। राजधानी दिल्ली में भी दो जगहों पर छापे मारे गए। यह आतंक के खिलाफ एनआईए के सबसे बड़ी कार्रवाई है। दिल्ली में पीएफआई के हेड परवेज आलम समेत देशभर में 100 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी हुई है। जानकारी के मुताबिक केरल से सबसे ज्यादा 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह संगठन सरकार ने बैन किया है बावजूद इसके वह देशभर में ऐक्टिव है। सिमी के बाद पीएफआई तेजी से उभरने वाला कट्टरपंथी संगठन है। बताया यह भी जा रहा है कि पीएफआई ने दर्जनभर से ज्यादा नए संगठन तैयार कर लिए हैं जिससे कि वह एजेंसियों को धोखा दे सके और अपने मनसूबों को अंजाम दे सके।

छापों से भड़का पीएफआई, जुमे पर हड़ताल का ऐलान

तिरुवंतपुरम, 22 सितंबर (वार्ता)। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं ने आतंकी गतिविधियों में कथित तौर पर संलिप्तता के आरोप में एनआईए की छापेमारी पर विरोध जताया है। पीएफआई के कार्यकर्ताओं ने संगठन के कार्यालयों, नेताओं के घरों और अन्य परिसरों में छापेमारी के खिलाफ गुरुवार को पूरे केरल में विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही ऐलान किया वे जुमे पर केरल राज्य में सुबह से शाम तक हड़ताल करेंगे। पीएफआई ने बयान जारी करते हुए कहा है कि उसकी राज्य समिति ने पाया कि नेताओं की गिरफ्तारी राज्य प्रायोजित आतंकवाद का हिस्सा थी। पीएफआई के राज्य महासचिव ए अब्दुल सथर ने कहा, केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करके यह सरकार उनके खिलाफ असहमती दर्ज करने वालों पर कर रही है। उनकी इस कोशिश के खिलाफ 23 सितंबर को राज्य में हड़ताल की जाएगी।

शव का अंतिम संस्कार न करने की चेतावनी पर पुलिस में हड़कंप

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। आत्महत्या करने वाली जनकपुरी निवासी नवविवाहिता का शव पोस्टमार्टम के बाद घर लेकर पहुंचे परिजनों ने मृतका को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तक शव का अंतिम संस्कार न करने की चेतावनी दी डाली। आनन फानन में ही मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, तब परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला जनकपुरी निवासी पूजा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। परिजनों ने कांधला के गांव नाला निवासी सोनू व उसके दो साथियों पर परेशान करने व आत्महत्या के मजबूर करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया था। बृहस्पतिवार सुबह परिजन पूजा का शव पोस्टमार्टम के बाद घर लेकर पहुंचे और उन्होंने शव घर के अंदर रख दिया। इसके बाद परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तक शव का अंतिम संस्कार न करने की चेतावनी दे डाली। नगर पालिका के भाजपा नेता अरविंद धनकर, बिजेंद्र पाल भी मौके पर पहुंचे। उधर, यह जानकारी पाकर थाना सिविल लाइन प्रभारी संतोष त्यागी के साथ सीओ सिटी कुलदीप कुमार ने पहुंचकर परिजनों को समझाया और जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन मान गए और शव का अंतिम संस्कार कर दिया। आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

➲जनकपुरी निवासी पूजा की आत्महत्या पर परिजनों में आक्रोश

घर में घुसकर महिला पर जानलेवा हमला

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। शहर कोतवाली पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मौहल्ला करीमनगर निवासी नवाब पुत्र शफीक ने बताया कि उसकी माँ तैय्यबा अपने घर में काम कर रही थी, तभी पड़ौस के ही शाबाज पुत्र निजामू व प्रवेज पुत्र इकबाल हथियारों से लैस होकर उसके घर में घुस आये और गाली गलौच करते हुए उसकी माँ को पीटना शुरू कर दिया। उक्त दोनों ने उसकी माँ को गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख-पुकार पर पास पड़ौस के लोग मौके पर आ गए, जिन्होंने उसकी माँ की जान बचाई। हमलावर भविष्य में जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराकर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

भट्टा मुनीम के खाते से एक लाख 5 हजार रुपये उड़ाये

मुजफ्फरनगर, 22 सितम्बर (बु.)। साइबर अपराधी लोगों के खाते से उनकी गाढ़ी कमाई व जमा पूंजी उड़ा रहे हैं। साइबर अपराधियों ने एक भट्टा मुनीम के खाते से एक लाख 5 हजार रुपये उड़ा लिये। पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत की, लेकिन कोई परिणाम सामने नहीं आया। अब पीड़ित ने शहर कोतवाली पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। शहर कोतवाली पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में उत्तरी रामपुरी निवासी शिवशंकर शर्मा पुत्र कृपाराम शर्मा ने बताया कि वह शाहबुद्दीनपुर स्थित एक ईंट भट्टे पर मुनीम है। पीड़ित ने बताया कि उसके पास एक व्यक्ति का ईंट खरीदने के लिये फोन आया। फोन पर दो लोगों ने उससे बात कर ईंटों का सौदा किया और उसके खाते में 1.50 लाख रुपये डालने की बात कहते हुए उससे उसके फोन पे का क्यूआर कोड मांगा। उसने अपना क्यूआर कोड़ उक्त नम्बर भेज दिया। उक्त लोगों ने उसके खाते में 1 रुपया ट्रांसफर किया, जिसके बाद उसके सेन्ट्रल बैंक व फोन पे के खाते से उक्त व्यक्ति ने 1 लाख 5 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिये। पीड़ित ने साइबर सेल में मामले की शिकायत की, लेकिन कोई हल नहीं निकला, तब पीड़ित ने शहर कोतवाली पर तहरीर देते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

15 लाख के नशीले पदार्थ समेत चार गिरफ्तार

चरथावल, २२ सितम्बर (बु.)। पुलिस ने गांव दधेडू राजवाहे की पुलिया से चैकिंग के दौरान चार नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नशा तस्करों के पास से पांच लाख की कीमत का नशीला पदार्थ बरामद किया है, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में नशीले पदार्थ की कीमत १५ लाख बताई जा रही है। पुलिस ने पकड़े गए सभी नशा तस्करों को जेल भेज दिया है। सीओ सदर यतेंद्र सिंह नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि चरथावल पुलिस के द्वारा चैकिंग के दौरान चार नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से पुलिस ने लाखों की कीमत का नशीला पदार्थ बरामद किया है। दरअसल चरथावल प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में दधेडू चौकी प्रभारी सन्दीप कुमार, कुटेसरा चौकी प्रभारी वरुण कुमार तेवतिया, हेंड कांस्टेबल दीपक कसाना, हेंड कांस्टेबल महेंद्र सिंह, कांस्टेबल विनीत कुमार, कांस्टेबल मनोज सिरोही आदि पुलिस टीम के साथ ग्राम दधेडू राजवाहे पर चैकिंग कर रहे थे। चैकिंग के दौरान पुलिस ने ४ नशा तस्करों कन्हैया कुमार व अमर सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट कुसी थाना दिलदार नगर जनपद गाजीपुर, गांगुली यादव व अमित यादव निवासी पूर्व मौहल्ला कस्बा व थाना दिलदारनगर जिला गाजीपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नशीला पदार्थ बरामद किया है। चरथावल थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि आरोपियों से बरामद नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर जैसा प्रतीत होता है, जिसकी भारतीय बाजार में कीमत लगभग पांच लाख रुपये तथा अन्तराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग १५ लाख रुपये है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को जेल भेज दिया।

कांशीराम आवास में युवक की संदिग्ध हालत में मौत

मुजफ्फरनगर, 22 सितंबर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के बुढ़ाना मोड़ स्थित कांशीराम आवास में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के बुढ़ाना मोड़ स्थित कांशीराम आवास निवासी 36 वर्षीय गोपाल वर्मा पुत्र सुभाषचंद जागरण करता था। बताया गया कि उसका अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था, जिसके चलते उसकी पत्नी उससे अलग रह रही थी। गत दिवस उसकी ससुराल वाले व उसकी पत्नी उसके घर आए थे। रात खाना खाने के बाद अचानक गोपाल की हालत बिगड़ गई, वह अपने कमरे में पड़ा मिला। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोपाल की मौत को संदिग्ध मानते हुए शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

माँ बेटी को दिया जहरीला पदार्थ, माँ की मौत, बेटी गंभीर

1 एसएसपी अभिषेक झा ने दिए सख्त कार्रवाई के आदेश

2 मकान पर कब्जा लेने की बात करने गई थी मां बेटी

कांधला, 22 सितम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में मकान पर कब्जा लेने की बात करने गई माँ बेटी को मकान मालिक और उसके परिजनों ने कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ दे दिया। हालत बिगड़ने पर आनन-फानन में परिजनों ने महिला और युवती को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है! चिकित्सकों ने युवती की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया है। सूचना पर एसएसप